आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, सोमवार 17 अगस्त 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 250
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत


राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


अगस्त माह में 2 इंच भी बारिश नहीं दर्ज



पेज-2

कमलप्रीत का किरदार निभाना मेरे लिए बड़ी बात- दीया मिर्जा



पेज-5

15 अगस्त भी बीता, फिर भी नहीं चली हैरिटेज ट्रेन



पेज-6


## न्यूज ब्रीफ

- देश में शिक्षा व्यवस्था नहीं बची : राहुल गांधी
- सरकारी स्कूलों की हालत सुधारने के बजाय नाकामी छिपा रही बीजेपी सरकार : गोविंद सिंह डोटसरा
- लखीसराय के अशोकधाम की घटना अत्यंत हृदयविदारक : सीएम सम्राट चौधरी
- बीरभूम के होटल में भीषण आग, 6 लोगों की मौत
- पश्चिम बंगाल : तारापीठ के एक होटल में आग लगी, 6 लोगों की मौत
- बिहार : लखीसराय के मंदिर में भगदड़, 7 श्रद्धालुओं की मौत
- ऑटो यूनियन का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन आज, वेलफेयर बोर्ड की मांग
- ऑटो चालकों का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन आज, वेलफेयर बोर्ड की मांग
- इंडोनेशिया भूकंप में मरने वालों की संख्या 53 हुई
- NEET-UG पेपर लीक के बाद NTA की सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी, 7.5 करोड़ का टेंडर आज खुलेगा

## नाग पंचमी पर खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट मध्य रात्रि को खुले, उमड़ा सैलाब



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● नाग पंचमी पर्व के अवसर पर वर्ष में केवल एक बार 24 घंटे के लिए खुलने वाले भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर मंदिर के पट सोमवार मध्यरात्रि 12 बजे शुभ मुहूर्त में खोले गए। पट खुलने के बाद श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत विनीतगिरी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर का विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया। पूजन के दौरान भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर की प्राचीन प्रतिमा एवं शिवलिंग का अभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया गया। इस अवसर पर संभाग आयुक्त आशीष सिंह, अध्यक्ष एवं कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक सहित मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। पूजन-अभिषेक संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। इसके साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से उज्जैन पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।उल्लेखनीय है कि श्री महाकालेश्वर मंदिर के द्वितीय तल पर विराजित भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर के पट वर्ष में केवल एक बार नाग पंचमी के अवसर पर 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। भगवान श्री नागचन्द्रेश्वर की अद्भुत प्रतिमा नागों की धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपरा का विशेष प्रतीक मानी जाती है।

## चैट जीपीटी की मदद से महाकाल मंदिर के बाहर खो गई चप्पल ढूंढी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● एआई का इस्तेमाल अब पढ़ाई, सॉफ्टवेयर और दफ्तर के काम तक सीमित नहीं रह गया है। रोजमर्रा की छोटी-बड़ी समस्याओं को हल करने के लिए भी लोग एआई का इस्तेमाल करने लगे हैं। इसका एक दिलचस्प उदाहरण मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर के बाहर देखने को मिला, जहां गोवा से आए एक श्रद्धालु ने सैकड़ों जूते-चप्पलों के बीच अपनी चप्पल की जोड़ी खोजने के लिए चैट जीपीटी की मदद ली। गोवा निवासी शुभांग बोरकर महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। दर्शन के बाद जब वह मंदिर से बाहर निकले तो चप्पल स्टैंड के पास बड़ी संख्या में जूते-चप्पल रखे हुए थे। भीड़ और एक जैसी दिखने वाली कई चप्पलों के बीच अपनी जोड़ी तलाशना उनके लिए मुश्किल हो गया।

## विधानसभा चुनाव दूर, अभी से ही अयोध्या के लिए बिछी बिसातें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर विधानसभा चार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मंच से विधायक मालिनी गौड़ ने लखन दादा की अयोध्या बताया, तो वहीं साल 1990 में यहां विधायक रह चुके कैलाश विजयवर्गीय की भी बात अचानक उठ गई। इस दौरान इंदौर विधानसभा चार किसकी और आगे 2028 चुनाव में किसकी होगी, इस पर भी स्वागत शब्दों में ही बात रख दी गई। जो आने वाले चुनाव में टिकट के होने वाले घमासान की ओर इशारा कर रही है।

**मालिनी बोली लखन दादा की अयोध्या**-इस दौरान आयोजन में स्वागत भाषण देते हुए विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि- सभी अतिथियों का मैं विधानसभा चार लखन दादा की अयोध्या में सभी परिवार जन की ओर से स्वागत करती हूं।



**फिर महापौर और विजयवर्गीय यह बोले**-इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव का जब उदबोधन हुआ तो उन्होंने दो बातें अहम कहीं। इसमें महापौर ने कहा कि हम सभी के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जो यहां से विधायक भी रह चुके हैं। वहीं, जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की बारी आई तो उन्होंने भी इसे दोहराया और कहा कि मैं भी पहले इस क्षेत्र से विधायक रह चुका हूं। हालांकि दोनों ने ही लखन दादा की अयोध्या शब्द नहीं कहा।

**साल 2028 में टिकट की दावेदारी**-विधायक गौड़ अब स्वास्थ्य कारणों से चाहती है कि उनके उनके पुत्र एकलव्य गौड़ को टिकट मिल जाए। जिससे गौड़ परिवार लगातार यहां विधानसभा में बना रहे। वहीं इस टिकट पर सांसद शंकर लालवानी भी दावेदारी करते रहे हैं और सिंधी बाहुल्य की बात कहते हुए अभी भी दावेदारी जारी है।

## अश्विन जोशी की पत्नी मनप्रीत की सक्रियता से कांग्रेस में मची हलचल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर की विधानसभा तीन के लिए क्या पूर्व विधायक स्वर्गीय अश्विन जोशी की पत्नी मनप्रीत सक्रिय हो रही है। यह सवाल 14 अगस्त को हर साल राजबाड़ा पर होने वाले कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी ने खड़ा कर दिया है।

इंदौर की विधानसभा तीन से तीन बार के कांग्रेस विधायक रहे अश्विन जोशी का निधन 8 मई 2026 को हो गया था। वह इस विधानसभा से पांच बार चुनाव लड़े और 1998, 2003 व 2008 में जीते। इसके बाद साल 2013 व 2018 में हार के बाद उनका टिकट कटा और चचेरे भाई दीपक (पिंटू) जोशी को टिकट मिला। लेकिन वह साल 2023 के चुनाव में 14 हजार वोट से बीजेपी के गोलू शुक्ला से हार गए। वहीं अब जोशी के निधन के बाद उनकी पत्नी मनप्रीत जोशी के सक्रिय होने की संभावना तेज हो गई है।



साल 2028 के विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं। लेकिन इंदौर विधानसभा तीन में अभी से सियासी सरगर्मी दिखने लगी है। पिंटू जोशी के लिए टिकट की राह पहले जितनी आसान नहीं दिख रही। वहीं मनप्रीत जोशी की सक्रियता नए समीकरण बना सकती है। कांग्रेस आलाकमान आने वाले समय में इस पर फैसला लेगा। तब तक यह सिर्फ कयासों का विषय बना रहेगा। स्थानीय राजनीति में यह चर्चा अगले कुछ महीनों तक गर्म रह सकती है। पार्टी के भीतर भी इस मुद्दे पर अलग-अलग राय देखने को मिल रही है। कुछ कार्यकर्ताओं का कहना है कि परिवार की सहानुभूति भी मायने रखती है। वहीं कुछ नेता संगठन में लंबे अनुभव को ज्यादा अहम मानते हैं। फिलहाल कांग्रेस की तरफ से कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया गया है। आने वाले महीनों में यह तस्वीर और साफ हो सकती है।

### पिंटू जोशी का पत्ता कटेगा क्या

इंदौर तीन से विधानसभा टिकट के दावेदारों में अश्विन जोशी के बाद पिंटू जोशी, अरविंद बागड़ी ही रहे हैं। पिंटू साल 2023 का चुनाव 14 हजार वोट से हारे, जो इस विधानसभा क्षेत्र की वोटों के लिहाज से बड़ी हार थी। वहीं हार्ट अटैक के बाद जिस तरह से पिंटू बचे हैं और स्वास्थ्य के चलते बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रहे हैं, ऐसे में मनप्रीत का नाम उठा है।

## कल देर रात दुकान खोलने पर पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भंवरकुआं थाना क्षेत्र में देर रात दुकान खोलने को लेकर पुलिसकर्मियों पर मारपीट और धमकी देने के आरोप लगे हैं। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। दुकानदार हर्षित जैन ने 16 अगस्त की शाम भंवरकुआं थाना प्रभारी संतोष दूधी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई और सहायता की मांग की है। हर्षित का आरोप है कि मारपीट में उसके चेहरे और कान पर चोट आई है।

हर्षित यात्रियों की सुविधा और चाय-नाश्ते की जरूरत को देखते हुए अपनी दुकान रात 2:30 से 3 बजे तक खुली रखते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस पहले भी उन्हें रात 11 बजे तक दुकान बंद करने की हिदायत दे चुकी थी, लेकिन जरूरत के चलते कभी-कभी दुकान देर रात तक खुली रहती थी। हर्षित का आरोप है कि घटना वाली रात एक वाहन से कुछ पुलिसकर्मी दुकान के पास पहुंचे। एफआरवी वैन से उतरते ही उन्होंने अपशब्द कहना शुरू कर दिया और हर्षित को बाहर बुलाया।

## गलियों में दौड़ेंगी फायर बाइक, दशहरा मैदान में बनेगी अटल जी की प्रतिमा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर की भीड़भाड़ और संकरी गलियों में आग लगने की स्थिति में बड़े फायर वाहनों को पहुंचाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए चार फायर बाइक अग्निशमन बेड़े में शामिल की गई हैं। छप्पन दुकान, सराफा बाजार सहित व्यस्त बाजारों और घनी बस्तियों में ये बाइक शुरुआती स्तर पर आग पर तेजी से काबू पाने में मदद करेंगी। प्रत्येक बाइक में 40 लीटर पानी और 4 लीटर फोम की क्षमता है। आसपास बोरिंग या



अन्य जलस्त्रोत उपलब्ध होने पर वहां से पानी लेकर भी आग बुझाने की कार्रवाई की जा सकेगी। इनके संचालन के लिए अग्निशमन कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

## रक्षाबंधन पर्व पर लाडली बहनों को मिलेगी अतिरिक्त राशि

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● रक्षाबंधन पर लाडली बहनों को प्रदेश के मुख्यमंत्री



डॉक्टर मोहन यादव का उपहार। 19 अगस्त को मैहर में प्रदेश की प्रत्येक लाडली बहनों को मिलेगा रक्षाबंधन पर ढाई सौ रुपए का उपहार। नियमित मिलने वाली 15 सौ रुपए की राशि के अतिरिक्त मिलेगी यह राशि।

सी ग्रेड इंदौर जिला, तहसीलदार, एसडीएम और राजस्व कार्य डी कैटेगरी में

## टॉप 5 में रहने वाला इंदौर सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में पिछड़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में अधिकारियों की जमकर मनमानी चल रही है। मैदान के साथ ही कागजी आंकड़ों में भी इनके कामों की पोल खुल रही है। इंदौर जिले के अधिकांश विभाग सीएम हेल्पलाइन में सी ग्रेड में हैं। जिले की रैंकिंग 17वीं होकर ओवरआल कैटेगरी भी सी ग्रेड की है। वहीं राजस्व कामों का तो हाल सबसे बुरा है। हालांकि कलेक्टर शिवम वर्मा इसे समझते हुए पूरे जिले में राजस्व शिविर लगा रहे हैं, लेकिन अभी भी जिला डी कैटेगरी में हैं।

**बी कैटेगरी में**- खाद्य नागरिक आपूर्ति, उर्जा विभाग, गृह, किसान व कल्याण, अनुसूचित जाति



विभाग, जनजातीय कार्य विभाग

**सी कैटेगरी में**- परिवहन, नगरीय प्रशासन, पंचायत व ग्रामीण विकास, योजना व आर्थिक, महिला व बाल विकास, पिछड़ा वर्ग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग,

**डी कैटेगरी में**- विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, सामाजिक न्याय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम विभाग, पीडब्ल्यूडी, लोक स्वास्थ्य, वित्त, स्कूल शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग (पांच अगस्त तक की स्थिति में)

**तहसीलदार और एसडीएम के यह हैं हाल**-वहीं राजस्व काम की बात करें तो इंदौर कलेक्टोरेट के अधिकारियों के हाल खराब है। जिले की रैंक 5 अगस्त तक की स्थिति में 48वीं है और कैटेगरी डी है। कुल 26 राजस्व कोर्ट में से 23 अधिकारी डी कैटेगरी में हैं। वहीं केवल एक अधिकारी की कोर्ट ए कैटेगरी में और दो की सी कैटेगरी में हैं।

**इसलिए कलेक्टोरेट डी में**-जिले की मप्र के 55 जिलों में से 48वी रैंक है और डी कैटेगरी में हैं। जुलाई माह में 1074 शिकायतें मिली है, इसमें अभी भी 837 शिकायतें लंबित है। संतुष्ट के साथ बंद होने वाली शिकायतों के वेटेज प्रतिशत 13 फीसदी से कम है।

## बीजेपी की राष्ट्रीय टीम का ऐलान कभी भी, प्रदेश से अनेक चेहरे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपनी टीम यानी भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऐलान कभी भी कर सकते हैं। नितिन नवीन की टीम में मध्य प्रदेश से बीजेपी के करीब 7 नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें से दो मध्य प्रदेश से पहली बार के विधायक हैं।

**वीडी संगठन के बजाए बन सकते हैं मंत्री**-खजुराहो से सांसद और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बजाए केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में लिया जा सकता है। वीडी शर्मा को केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री बनाया जा सकता है।

**मोदी मंत्रिमंडल में मिल सकता है संध्या राय को मौका**-मोदी कैबिनेट के संभावित विस्तार में मध्यप्रदेश की सियासत फिर सुर्खियों में है। मोदी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी तेजी से चल रही है। मध्य प्रदेश से भिंड सांसद संध्या राय का नाम मंत्रिमंडल की रेस में सबसे आगे है।



### पहली बार के दो विधायक भी रेस में शामिल

बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में एमपी से जिन नए युवा चेहरों को मौका देने पर चर्चा हुई है उनमें जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे और शाजापुर जिने की कालापीपल से विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का नाम शामिल है। अभिलाष और घनश्याम चंद्रवंशी दोनों ही पहली बार के विधायक हैं। अभिलाष पांडे बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

न्यूज ब्रीफ

### एचडीएफसी बैंक ने 'विजिल आंटी सेज़- लेज़ीनेस सेव्स' कैंपेन लॉन्च किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के जश्न के बीच भारत के लीडिंग प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक ने आज 'विजिल आंटी सेज़ - लेज़ीनेस सेव्स' नाम का एक फ्रॉड अवेयरनेस कैंपेन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कैंपेन ग्राहकों को डिजिटल ट्रांज़ैक्शन करते समय बिना सोचे-समझे फैसले लेने से पहले रुकने के लिए बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। यह कैंपेन भारत के कुछ सबसे मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन के साथ-साथ डिजिटल फ्रॉड पर बैंक की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर विजिल आंटी को एक ज़रूरी मैसेज 'जब फ्रॉड की बात आती है, तो थोड़ा रुकना असल में आपको बचा सकता है 'देने के लिए एक साथ लाता है।

### रियलमी ने रियलमी 16एक्स 5जी पेश किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नंबर सीरीज में रियलमी 16एक्स 5जी का लॉन्च किया। यह अपने सेगमेंट में ''सबसे बेहतर ऑल-राउंडर स्मार्टफोन'' है। रियलमी 16एक्स 5जी का डिजाईन आज के ऑलवेज-ऑन लाईफस्टाईल के अनुरूप है। इसलिए इस डिवाईस में 7000 एम.ए.एच की शक्तिशाली बैटरी, 45 वॉट की सुपरवूक फास्ट चार्जिंग, 144हर्ट्ज का अल्ट्रा-ब्राईट डिस्प्ले, और 5 साल की स्मूथ परफॉर्मेंस दी गई है, जिससे आज के डायनामिक लाईफस्टाईल के लिए बेहतरीन पॉवर, एंटरटेनमेंट और लॉन्ग-टर्म रिलायबिलिटी मिलती है।

### इंदौर की 'द कॉन्टेक्स्ट रूम' ने दुबई में रचा इतिहास; जीता जीसीसी अवार्ड्स 2026 में पहला स्थान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर की डिजाइन एजेंसी द कॉन्टेक्स्ट रूम, ने हाल ही में दुबई में आयोजित द मार्केटिंग सोसाइटी जीसीसी अवार्ड्स 2026 में मैगी स्पाइसी कैंपेन के लिए पहला स्थान हासिल किया है। 15 देशों से आई 500 से अधिक और भारत की करीब 70 टीमों के बीच द कॉन्टेक्स्ट रूम मध्यप्रदेश से एकमात्र एंट्री थी जिसे यह पहचान मिली। यह अवॉर्ड द कॉन्टेक्स्ट रूम की टीम के मैगी स्पाइसी कैंपेन को मिला, जो एक साधारण सी हकीकत पर आधारित था: हर किसी की 'मिर्च' की परिभाषा अलग होती है। इस कैंपेन ने मिर्च यानि एक मसाले को एक सांस्कृतिक बातचीत में बदल दिया।

### इंदौर उज्जैन रोड पर सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● उज्जैन-इंदौर रोड पर निनारो टोल के पास रविवार दोपहर सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि कार में सवार उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। दंपती अपने बेटे से मिलने इंदौर आ रहे थे। उनका बेटा इंदौर के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाता है। हादसे में उज्जैन के सराफा कारोबारी गोपाल सोनी और उनकी पत्नी रेखा सोनी की मौत हुई है।

# नागेश्वर मंदिर, राजबाड़ा : नागपंचमी पर होता है विशेष पूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी में निर्मित उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तीसरी मंजिल स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर वर्ष में एक बार खुलता है। इसके दर्शन करने के लिए भक्तों की रात से ही भीड़ एकत्र हो जाती है। नागपंचमी पर शिवजी के प्रिय नाग देवता के मंदिर में दर्शन का विशेष महत्व है। एक संयोग है कि 23 साल बाद सावन सोमवार और नागपंचमी एक साथ मनाई जाएगी।

इंदौर के महाराजा मल्हारराव होलकर की पुत्रवधू देवी अहिल्याबाई शिव भक्त थीं, इसलिए रियासत में कई प्राचीन शिव मंदिर स्थित हैं। इंदौर शहर के हृदय स्थल राजबाड़ा के समीप प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, गोपाल मंदिर, हनुमान और दुर्गा देवी मंदिर स्थित हैं। राजबाड़े के सामने स्थित वनखंडी राम मंदिर परिसर में नागेश्वर महादेव मंदिर नगर का प्राचीन शिव मंदिर है।

यह मंदिर शहर के व्यस्त क्षेत्र में होने और आसपास दुकानों की अधिकता होने के कारण अब चारों ओर से खुला नहीं है। मंदिर का द्वार काफी छोटा है। नागेश्वर महादेव का यह मंदिर 114 वर्ष प्राचीन है और समीप के दुकानदारों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में भी नागपंचमी पर विशेष पूजन किया जाता है।

मंदिर में पूजन कार्य करने वाली तीसरी पीढ़ी के 84 वर्षीय पुजारी पंडित हरिशंकर त्रिवेदी का





कहना है कि पीढ़ियों से उनका परिवार मंदिर की पूजा का दायित्व निभा रहा है। त्रिवेदी के अनुसार, 1912 में मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया, इसलिए भवन तोड़ना पड़ा था। उसी दौरान नाग-नागिन का जोड़ा रामजी की मूर्ति के समीप आकर बैठ गया था। पूजन के बाद निर्णय लिया गया कि रामजी की प्रतिमा के समीप ही नागेश्वर शिव मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

हालांकि, कुछ समय बाद सर्प का जोड़ा चला गया। सभी की सहमति से 1912 में नागेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। शहर के मध्य से बहने वाली कान्ह नदी के समीप घने वन थे। इसलिए यहां पेड़ों की अधिकता के कारण मंदिर का नामकरण वनखंडी राम मंदिर रखा गया था। विकास और निर्माण कार्यों के कारण अब इस क्षेत्र में पेड़ दुर्लभ हो गए हैं।

### देवी अहिल्या की प्रतिमा भी लगी

यह मंदिर प्राचीन होने के कारण समय-समय पर इसका जीर्णोद्धार किया गया, लेकिन मंदिर की दीवारें प्राचीन हैं, जो काफी मोटी हैं। मंदिर की दीवारों में आलिये (कुछ रखने का स्थान) अधिक संख्या में हैं, जिनमें मूर्तियां रखी हैं। एक आलिये में देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित है।

### 1912 में तुकोजीराव तृतीय के कार्यकाल में हुआ निर्माण

नागेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण 1912 में हुआ। मंदिर जिस वक्त निर्मित हुआ, उस समय होलकर रियासत के प्रमुख तुकोजीराव तृतीय थे। तुकोजीराव तृतीय ने जब राज्य की कमान संभाली, तब उनकी आयु मात्र 12 वर्ष थी। इसलिए राज्य का संचालन एक परिषद करती थी, जिसके प्रमुख प्रधानमंत्री नानकचंद थे। मंदिर निर्माण में राज परिवार का सहयोग रहा। बाद में मंदिर को लेकर कई विवाद भी हुए। बारह वर्ष तक न्यायालय में विवाद चला, लेकिन रामजी और नागेश्वर का मंदिर होने के कारण वे विजयी रहे और मंदिर अपने स्थान पर आज भी कायम है।

## प्रदेश के पहले 14 डी थिएटर का लोकार्पण, 170 रुपये लगेगा टिकट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में 16 अगस्त से दर्शकों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा नया आकर्षण देखने को मिलेगा। चिड़ियाघर में तैयार 14-डी थिएटर का लोकार्पण रविवार को मुख्यमंत्री ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में सरकार का पैसा नहीं लगा, लेकिन आय जरुर होगी। दर्शकों को भी इस थिएटर का अच्छा अनुभव होगा। बीते एक महीने से इसका तकनीकी परीक्षण और ट्रायल चल रहा था। अब यह पूरी तरह दर्शकों के मनोरंजन के लिए तैयार है। इस थिएटर में जाने के लिए दर्शकों को 170 रुपये का टिकट लेना होगा। इसमें भूलभुलैया का भी लुत्फ दर्शक ले सकेंगे। यह प्रदेश का पहला ऐसा चिड़ियाघर होगा, जहां 14-डी थिएटर की सुविधा उपलब्ध होगी।



## शनिवार-रविवार को पिकनिक स्पॉट्स पर पहुंचे हजारों सैलानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 15 अगस्त शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिले अवकाश और उसके बाद रविवार की छुट्टी के चलते आज इंदौर शहर की सड़कों से लेकर आसपास के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों पर जबरदस्त रौनक देखने को मिली। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाने के बाद बड़ी संख्या में इंदौरवासी अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रकृति के खूबसूरत नजारों का आनंद लेने शहर के आसपास के पिकनिक स्पॉट्स की ओर निकल पड़े।

**हल्की रिमझिम बारिश ने बढ़ाया सैलानियों का उत्साह** - मानसून के इस मौसम में मालवा की वादियां पूरी तरह हरी-भरी हो चुकी हैं। आज सुबह से ही आसमान में काले-घने बादलों का डेरा जमा रहा। बीच-बीच में हुई हल्की रिमझिम बारिश और ठंडी हवाओं ने मौसम को और भी सुहावना बना दिया। मौसम के इस दिलकश मिजाज ने सैलानियों के उत्साह को दोगुना कर दिया।

शहर के पास स्थित प्रमुख पिकनिक स्पॉट्स पर तड़के से ही सैकड़ों गाड़ियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। पातालपानी और तिंचा फॉल में तेज मानसून के चलते झरने पूरे उफान पर हैं। यहां पहुंचे युवाओं और परिवारों ने पानी के बीच फोटोग्राफी, रील्स बनाने और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरे जानापाव कुटी पर बड़ी संख्या में ट्रेकिंग के शौकीन पहुंचे। धुंध और बादलों के बीच पहाड़ियों पर घूमना लोगों के लिए यादगार अनुभव रहा। वॉटर स्पोर्ट्स, बोटिंग और एडवेंचर एक्टिविटीज का लुत्फ उठाने के लिए चोरल डैम पर भारी भीड़ रही, वहीं कई लोगों ने फैमिली गेम्स का आनंद लिया।



## राष्ट्रगीत वंदे मातरम का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजपा द्वारा आज भाजपा मप्र प्रभारी महेंद्र सिंह, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, महापौर पुष्यमित्र भार्गव विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, उषा ठाकुर, पूर्व विधायक जीतू जिराती, आकाश विजयवर्गीय की उपस्थिति में कॉंग्रेस द्वारा एआईसीसी राष्ट्रगीत वंदे मातरम का अपमान करने के विरोध में विशाल विरोध प्रदर्शन एवं गांधी हॉल से लेकर गांधी प्रतिमा तक केंडल मार्च निकाला गया।

मप्र प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा लाखों सपूतों ने वंदे मातरम गाते गाते भारत माता की आजादी के लिए कुर्बानी दी। उस आजादी के मंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 150 पूरे होने पर पूरे भारत में पूरा वंदे मातरम गाने का प्रावधान किया है। वंदे मातरम भारत की आज़ादी का मूलमंत्र है, अब वंदे मातरम भारत में ही नहीं दुनिया भर में वंदे मातरम गाया जा रहा है, स्लोवाकिया में वंदे मातरम गाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अगवानी एवं स्वागत किया। पूरा विश्व वंदे मातरम गा रहा है, पूरा भारत वंदे मातरम गा रहा है, लेकिन कुछ देश विरोधी ताकतें ऐसी है, जिसे वंदे मातरम गाना पसंद नहीं है, भारत माता की वंदना पसंद नहीं है।



## अगस्त माह में 2 इंच भी बारिश नहीं दर्ज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अगस्त का महीना आधे से ज्यादा बीत चुका है, लेकिन इंदौर में 2 इंच भी बारिश नहीं दर्ज की गई है। पिछले 10 दिन शहर में लगातार बादल छाए रहे, लेकिन बारिश बहुत कम हुई। अब मानसून सीजन के केवल 45 दिन यानी 1.5 महीने शेष बचे हैं, जिनमें अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर को औसत कोटा पूरा करने के लिए अभी 20 इंच से अधिक बारिश की आवश्यकता है। मौसम विशेषज्ञों ने अगले कुछ दिनों में तेज बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना जताई है। इस मानसून सीजन में इंदौर में अब तक कुल 18 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से शहर के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुककर बूंदाबांदी हो रही है, लेकिन अगस्त महीने में अब तक किसी भी एक दिन 0.5 इंच से अधिक बारिश दर्ज नहीं की गई है।

मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बन रहा नया मौसम सिस्टम राज्य में बारिश की गतिविधियों को बढ़ाएगा। यह सिस्टम उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ते हुए पश्चिम बंगाल और झारखंड के क्षेत्रों की तरफ बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से मानसून ट्रफ रेखा के निरंतर सक्रिय रहने की संभावना बनी हुई है। इस मौसमी बदलाव के चलते मध्य प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक वर्षा का दौर जारी रह सकता है।



### स्वतंत्रता दिवस पर 12 कैदियों की रिहाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इंदौर की सेंट्रल जेल से 12 कैदियों को रिहा किया गया। इनमें 11 पुरुष कैदी और एक महिला बंदी शामिल हैं। सभी कैदी हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। जेल में उनके अच्छे आचरण, अनुशासन और सुधारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उनकी शेष सजा में छूट देते हुए रिहाई की गई। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश की नई जेल नीति के तहत विशेष अवसरों पर पात्र बंदियों को सजा में छूट देकर रिहा किए जाने का प्रावधान है।



## सरजू पारी ब्राह्मण समाज द्वारा झंडा वंदन कर पौधारोपण भी किया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सरजू पारी ब्राह्मण समाज सेवा संस्था की महिला समिति द्वारा आज श्री परशुराम वाटिका बापट चौराहे पर समाज महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती संपदा मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती पूनम शुक्ला ने बताया कि आज समाज द्वारा परशुराम वाटिका पर विगत 5 वर्षों से झंडा वंदन का आयोजन किया जा रहा है, वही आज समाज के लोगों द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया पर्यावरण को लेकर। साथ ही समाज की वरिष्ठ श्रीमती सरिता दुबे सचिव इंदु पांडे, चंचल शुक्ला, श्रीमती सुधा त्रिपाठी, अंजली त्रिपाठी, वही समाज के वरिष्ठ गौतम तिवारी,अनूप शुक्ला, पंकज पांडे, संजय शुक्ला, हरिहर त्रिपाठी, शैलेंद्र तिवारी,अजय त्रिपाठी, वेद प्रकाश शुक्ला ,संजय पांडे,पीयूष त्रिपाठी, मनीष तिवारी,आदर्श पांडेय , आलोक पांडेय आदि लोग मौजूद थे।

### राजीव गांधी जयंती पर होगी होगी विशाल सद्भावना दौड़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा 20 अगस्त को प्रातः 8 बजे सफेद वस्त्र में विशाल सद्भावना दौड़ आयोजित की जाएगी। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव तथा मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्षद सादिक खान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन राजीव गांधी के विचारों, देश की एकता, भाईचारे और सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा हैं।



### स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए लखन मौर्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**देपालपुर** ● देपालपुर जिला प्रशासन इंदौर द्वारा एस.डी.एम. ऑफिस राजस्व विभाग, अनुभाग देपालपुर में कार्यरत लखन मौर्य को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इकाई द्वारा निर्मित पश्चिमी रिंग रोड के निर्माण हेतु भू-अर्जन कार्य तथा समय-समय पर सौंपे गए प्रशासनिक दायित्वों को निर्धारित समय सीमा में सफलता पूर्वक पूर्ण करने के लिए दिया गया।इस अवसर पर मध्य प्रदेश केबिनेट जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह एवं कलेक्टर महोदय शिवम वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सराहना की। लखन मौर्य की कार्यकुशलता और समयबद्धता ने प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में भू-अर्जन कार्य न केवल पारदर्शी ढंग से संपन्न हुआ बल्कि विकास योजनाओं को भी गति मिली। स्थानीय प्रशासन और नागरिकों का मानना है कि उनकी सक्रियता और समर्पण से जिले की प्रगति को नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी।

## गणेश पूजन के साथ किया झांकी निर्माण का श्रीगणेश



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इस्वदेशी मिल गणेश उत्सव समिति अपने गणेशोत्सव के 96 वर्ष पूर्ण कर 97वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। समिति ने अपनी वर्षों पुरानी परम्परा के अनुरूप इस वर्ष तीन भव्य झांकियां निकालने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में गुरुवार को झांकियों के तीन ट्रालों का विधिवत पूजन किया गया। गणेश पूजन एवं झांकी पूजन कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे के आतिथ्य में भाजपा नेता महेश जीनवाल, इंटक नेता लक्ष्मीनारायण पाठक, हरनाम सिंह धालीवाल एवं देवीसिंह सेंगर की उपस्थिति में पंडित राजेश पांडे, जानकीलाल पटेरिया, प्रकाश महावर कोली, नरेंद्र श्रीवंश, किसन बोकरे, दिलीप माथुर, नारायण कुशवाह, शिवप्रसाद, किशोर करोसिया, हंसराज वर्मा एवं सुरेन्द्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थिती में विधिवत पूजन कर झांकी निर्माण का शुभारंभ किया। तथा झांकी कलाकार नरेंद्र पप्पू बैरवा का स्वागत किया गया।

# देपालपुर लोटस इंटरनेशनल स्कूल में गूंजा देशभक्ति का उत्साह

### स्वतंत्रता दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लोटस इंटरनेशनल स्कूल, देपालपुर में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। विशेष रूप से बच्चों की आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कमल सिंह जी राजावत, संस्थापक, लोटस समूह, तथा भगत मंडलोई, ताकीपुरा के सामाजिक कार्यकर्ता, सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस की भावना को दर्शाते हुए विद्यालय के मंच की सजावट भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मंच को 'जय जवान, जय विज्ञान, जय किसान' की प्रेरणादायक राष्ट्रीय थीम पर सजाया गया था, जो देश की सुरक्षा, विज्ञान, कृषि एवं प्रगति के महत्व को दर्शा रही थी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को अभिव्यक्त किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों एवं अतिथियों का आभार ब्रांच हेड जयदीप सिंह जी राजावत द्वारा व्यक्त किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास, संस्कार एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

ब्रांच हेड जयदीप राजावत ने बताया कि लोटस इंटरनेशनल स्कूल ने इस वर्ष देपालपुर में नई सौगात दी है। शिक्षा के क्षेत्र में जाना माना नाम लोटस स्कूल का रहा है। लोटस स्कूल के शिक्षा से कहीं युवा प्रदेश ही नहीं देश में भी नाम रोशन कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ लोटस स्कूल देपालपुर में अच्छे शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है ताकि आने वाले समय में देपालपुर के बच्चे नाम रोशन करें।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, सोमवार 17 अगस्त 2026

न्यूज ब्रीफ

### श्री राम मंदिर पंचकुइया में तीसरे सावन सोमवार पर द्वादश ज्योतिर्लिंग महादेव की भस्मारती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में सावन मास के पावन अवसर पर भगवान विश्वेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंग का लगातार 24 घंटे 41 ब्राह्मण विद्वानों के द्वारा पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज के सानिध्य में अखंड रुद्राभिषेक किया जा रहा है। सुबह महादेव की भस्म आरती की गई। शाम को भगवान विश्वेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंग का भांग सूखे मेवे से श्रृंगार कर फूलों से सजाया जाएगा। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज ने बताया कि सावन मास में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान का रुद्राभिषेक किया जा रहा है। इसमें भगवान विश्वेश्वर महादेव द्वादश ज्योतिर्लिंग का 41 ब्राह्मणों द्वारा बारी-बारी से 24 घंटे लगातार वैदिक मंत्रों के बीच रुद्राभिषेक किया जाता है, वेद मंत्रों की ध्वनि से परिसर गूंज रहा है, विद्वान पंडितों के मंत्रोंचारों का सिलसिला 24 घंटे इससे चलता रहता है, प्रतिदिन रात्रि में भगवान अलग-अलग प्रकार से श्रृंगार कर आरती की जाती है, यह सिलसिला लगातार सावन के 1 महीने तक चलेगा।

### मन की एकाग्रता हर क्षेत्र में जरुरी - युगपुरुष स्वामी परमानंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● रास्ता भले ही कठिन हो, लेकिन चलना बंद नहीं करना चाहिए। चींटी थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़कर अपनी मंजिल तक पहुंच ही जाती है। देहाभिमान सबसे बड़ी समस्या है। परमात्मा का ज्ञान लेते समय भी देहाभिमान खत्म नहीं होता। अंत:करण से देहाभिमान जाएगा, तभी परमात्मा का वृहद ज्ञान अंदर आएगा। गुरू पूजा भी भगवान की पूजा है। मंदिर में बैठकर हमारा मन प्रेम और भक्ति में डूब जाए तो वह पूजा महोत्सव बन जाएगी। महोत्सव श्रद्धा और विश्वास से ही ऊर्जावान बनेगा। मन की एकाग्रता हर क्षेत्र में जरूरी है। मन की तरंगों को स्थिर बनाने के लिए गुरू का मार्गदर्शन अपरिहार्य होता है। रामजन्म भूमि मंदिर न्यास अयोध्या के प्रमुख न्यासी एवं युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज ने रविवार को खंडवा रोड स्थित अखंड परम धाम आश्रम पर चल रहे सात दिवसीय 30वें ध्यान एवं योग शिविर के समापन प्रसंग पर उपस्थित भक्तों को आशीर्वचन देते हुए उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए शिष्यों और भक्तों ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पाद पूजन भी किया और नाचते-गाते हुए अपने सदगुरू के शतायु होने की कामनाएं भी व्यक्त की।

### पूरे विश्व में चाहिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना - राष्ट्रसंत सुधासागर म.सा.

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● राजतंत्र में राजा का बेटा राजा बनता है, चाहे वह अनपढ़ हो या अयोग्य। हमारे प्रजातंत्र की यही खूबी है कि यहाँ जन्म लेते ही प्रत्येक व्यक्ति को बड़े से बड़े पद तक पहुँचने के अवसर मिलते हैं। सही आज़ादी वही है जहाँ किसी व्यक्ति को कहीं भी आने-जान की स्वतंत्रता हो, रहने की आज़ादी हो और सीमाओं का बंधन नहीं हो। हम वसुधैव कुटुम्बकम की भावना वाले लोग हैं इसलिए आजादी के इस मौके पर यही चाहते हैं कि पूरा विश्व एक परिवार की तरह एक सूत्र में बंधकर रहे। संयुक्त राष्ट्र संघ को चाहिए कि वह सारे देशों की सीमाएं रेखांकित कर यह सुनिश्चित करे कि कोई भी देश एकदूसरे की सीमा पर बुरी नजर नहीं डाले। जहाँ राजनीति खत्म होती है, वहां से धर्मनीति शुरू होती है। राजनीति मानव के लिए होती है जबकि धर्मनीति मानवता के लिए काम करती है।

# एम्स की गवर्निंग बॉडी के सदस्य बने रजनीश अग्रवाल

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्य प्रदेश से नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल को ऑल इंडिया ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स ) भोपाल की शासी संस्था यानी 'गवर्निंग बॉडी' का सदस्य नियुक्त किया गया है। राज्यसभा सचिवालय ने देश के 7 एम्स संस्थानों में संसदीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कुल 7 राज्यसभा सांसदों को 'गवर्निंग बॉडी मेंबर' के रूप में चुना है। यह चुनाव प्रक्रिया स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुरोध पर बुलाई गई मोशन के बाद पूरी की गई। सभी निर्वाचित सांसद इन प्रीमियम चिकित्सा संस्थानों के प्रशासनिक, शैक्षणिक और नीतिगत निर्णयों में अहम भूमिका निभाएंगे।

**प्रशासकीय फैसलों, सुविधाओं के विस्तार में होगी अहम भूमिका**






गवर्निंग बॉडी के सदस्य के रूप में इन सांसदों के पास कई प्रमुख अधिकार और शक्तियां होती हैं। ये सदस्य एम्स की कार्यकारी समिति 'गवर्निंग बॉडी' तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थायी और तदर्थ समितियों के गठन और उनके निर्णयों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हैं। इसके साथ ही, इन्हें संस्थान के मुख्य उद्देश्यों जैसे उच्च स्तरीय चिकित्सा शिक्षा, शोध नीतियों को तय करने और अस्पताल के प्रशासनिक व वित्तीय प्रबंधन की समीक्षा करने का अधिकार होता है। एम्स द्वारा दिए जाने वाले चिकित्सा पाठ्यक्रमों, डिग्रियों, परीक्षाओं के नियमों और संकाय (फैकल्टी) की नियुक्तियों से जुड़े नियमों की निगरानी और अनुमोदन में भी इनकी सीधी भागीदारी होती है। एम्स एक स्वायत्त राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, इसलिए ये सांसद जनता और संसद के प्रति संस्थान की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का भी महत्वपूर्ण काम करते हैं। मंत्रालय के एक उचित स्तर के अधिकारी को विशेष रूप से प्रतिनियुक्त किया जाएगा, जो इन सभी सांसदों के साथ एम्स संस्थानों के आवश्यक कामकाज के संबंध में समन्वय स्थापित करेगा और उनका मार्गदर्शन करेगा।

## 'हस्तरेखा' विषयक पर कार्यशाला सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●सम्यक ज्योतिष विचार मंच द्वारा वैदिक ज्योतिष के साथ-साथ अन्य ज्योतिषीय विधाओं का सामान्य एवं शास्त्रीय ज्ञान प्रदान करने तथा नवीन विषयों के अध्ययन के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने के उद्देश्य से निरन्तर ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता आ रहा है । इसी ज्ञान-परम्परा की श्रृंखला में शनिवार, 15 अगस्त 2026 को रात्रि 8:00 बजे 'हस्तरेखा' विषय पर विशेष शास्त्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । अंक ज्योतिष, के.पी. ज्योतिष, नाड़ी ज्योतिष, लाल किताब एवं जैमिनी ज्योतिष के पश्चात आयोजित यह कार्यशाला मंच की ज्ञान-विस्तार यात्रा की एक महत्वपूर्ण कड़ी रही । कार्यक्रम का शुभारम्भ नन्दकिशोर जी कौशिक के मुखारविंद से मंगलाचरण की स्तुति द्वारा हुआ। तत्पश्चात सम्मेलन में सम्मिलित हुए दैवज्ञ श्रीजी का स्वागत एवम् परिचय सम्यक ज्योतिष विचार मंच समूह के संस्थापक श्री ओंकारनाथ जी कोष्ठा द्वारा किया गया ।

इसके बाद दैवज्ञ महेश पांचाल ने मंच का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए मंच की स्थापना के उद्देश्य, उसकी गतिविधियों तथा विभिन्न विषयों पर आयोजित की जा रही ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला । दैवज्ञ श्याम कुमार ताम्रकार ने आगामी पत्रिका के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की । इसके पश्चात सुनील कुमार जी पाण्डेय ने हस्तरेखा विषय की प्रस्तावना रखते हुए विषय की पृष्ठभूमि एवं अध्ययन की आवश्यकता को स्पष्ट किया ।

**'मुख्य आकर्षण रहा दैवज्ञ सुमित शुक्ल का उद्बोधन '**- कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण दैवज्ञ श्री सुमित जी शुक्ल का मुख्य उद्बोधन रहा । उन्होंने सामुद्रिक शास्त्र के एक अभिन्न अंग हस्तरेखा पर अपने शास्त्रीय ज्ञान एवं अनुभव के आधार पर अत्यन्त सारगर्भित एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी । उन्होंने हस्तरेखा को केवल रेखाओं के आधार पर फलादेश करने की विधा के रूप में न देखते हुए उसके शास्त्रीय आधार, स्वरूप, अध्ययन-पद्धति एवं व्यावहारिक पक्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला । उनके उद्बोधन ने उपस्थित विद्वानों के समक्ष हस्तरेखा के अध्ययन की एक गंभीर एवं व्यवस्थित दृष्टि प्रस्तुत की। सुमित द्वारा सामुद्रिक शास्त्र के इस महत्वपूर्ण अंग पर शास्त्रीय ज्ञान का प्रकाश उज्ज्वलित किया गया, जिससे उपस्थित विद्वानों में विषय को और अधिक गहराई से जानने तथा अध्ययन करने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई ।

### पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर 19 से शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कृषि विहार उद्यान स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर 19 से 25 अगस्त तक श्रीधाम वृन्दावन के प्रख्यात आचार्य पं. शिवेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से सात दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन होगा। संयोजक पिंटू नामदेव-नीता मिश्रा ने बताया कि पं. शास्त्री व्यास पीठ पर विराजित होकर प्रतिदिन शिवपुराण ज्ञान यज्ञ कथामृत की वर्षा करेंगे। कथा स्थल मंदिर परिसर में भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। आयोजन में पार्षद राजेश उदावत, छत्रपाल सोलंकी, संजय खादीवाला एवं विजय मिश्रा का भी विशेष सहयोग रहेगा।

## पोलो ग्राउंड स्थित बिजली ग्रिड की क्षमता अब 31 एमवीए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर शहर वृत्त अंतर्गत 33/ 11केवी सिटी कंट्रोल रूम पोलो ग्राउंड सब स्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर 5 एमवीए से 10 एमवीए कर दी गई है। अब इस सब स्टेशन की कुल बिजली वितरण क्षमता 26 एमवीए से बढ़कर 31 एमवीए हो गई है। इससे पश्चिम संभाग के बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

## सरकारी स्कूल लसुड़िया मोरी में आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● एकीकृत शासकीय हाईस्कूल लसुड़िया मोरी में 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि पार्षद राकेश सोलंकी ने किया। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य भूषण सराफ ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष सिंधिया, प्रमिला सेंगर,किशोर वाडिया, राकेश मालवीय पेंटर, मोहन पोलाया, कृष्ण मालवीय,नीलेश परमार, अशोक सोलंकी आदि उपस्थित थे। शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश परमार ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी नीलम सिन्हा, गायत्री सुनहरे व शिखा राजोरिया सहित विद्यालय के शिक्षक सुरक्षा मिश्रा, प्रीति बुखारिया जैन, शिल्पा जोशी, मनीषा व्यास, मनीषा जैन, कविता टाटावत,



स्मिता तापसे, मीता शर्मा,भारती सिंह, राकेश गेहलोद, सीमा जैन, पूनम शर्मा, शोभना पाल, अलका श्रीवास्तव, किरण बिंजवा, सुशील बिलवाल, अखिलेश पंवार, तरुण पाटीदार एवं समस्त छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिनेश परमार ने किया तथा आभार सुरक्षा मिश्रा ने माना। अंत में पार्षद की और से मिठाई वितरण एवं विशेष रुचिकर भोजन करवाया गया।

## शिक्षक पेढ़ी द्वारा स्व. खांडेगर के परिवार को परिवार सहायता योजना के तहत करीब 93 हजार की राशि प्रदान की गई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सहकारी कार्य संस्था शिक्षा विभाग म.प्र. मर्या. इंदौर (शिक्षक पेढ़ी) के सदस्य प्राचार्य स्व.दौलतप्रसाद खांडेगर की पत्नी श्रीमती कमलाबाई खांडेगर को संस्था द्वारा संचालित परिवार सहायता योजना के तहत संचालक मंडल की बैठक में स्वीकृत 92,657 की राशि प्रदान की गई। स्व. खांडेगर का स्वर्गवास 2009 में ही हो चुका था किंतु उस समय देवास में निवासरत खांडेगर परिवार को संस्था की इस योजना की जानकारी नहीं थी। 7 दिन पूर्व जब उन्हें संस्था की इस हितकारी योजना के बारे में मालूम हुआ तब उन्होंने आवेदन एवं समस्त औपचारिक दस्तावेज पेश किए। इसके बाद स्व. खांडेगर के परिवार को प्रदान की जाने वाली राशि को संचालक मंडल की बैठक में स्वीकृत किया गया और बैठक समाप्ति के मात्र 1 घण्टे पश्चात संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा एवं



वरिष्ठ संचालक भगवतीप्रसाद पंडित ने श्रीमती कमलाबाई खांडेगर को फैमेली फंड तथा मृत सदस्य की संस्था में सेविंग,अनिवार्य अमानत, शेयर खाते में जमा राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर उनके पुत्र रोहित खांडेगर, परिजन तथा संस्था की कर्मचारी प्राची सेंगर उपस्थित थी। स्व. खांडेगर के परिवार ने त्वरित निराकरण हेतु संस्था के समस्त संचालक मंडल एवं स्टाफ के प्रति आभार प्रकट किया।

### सुखदेश्वर महादेव शाही लवाजमे के साथ भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सुखदेव नगर एक्स, 1 स्थित श्री सुखदेश्वर महादेव मंदिर से श्री सुखदेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी रविवार को शाही लवाजमे के साथ निकली, सवारी पंचकुईयां पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज के सानिध्य में निकली। भक्तों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर सवारी का भव्य स्वागत किया। आयोजन प्रमुख पं.दिनेश शर्मा, मन्दिर के पुजारी पं. आकाश शर्मा ने बताया कि रविवार को सुखदेश्वर महादेव की शाही सवारी की शुरुआत मंदिर परिसर से वेद मंत्रों के बीच पूजन अर्चन के साथ हुई, पंचकुईया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास महाराज महंत श्री जानकी बल्लभ दास महाराज महंत श्री अर्जुनदास महाराज हरि बल्लभ दास मोनी महाराज, गोविंद दास महाराज सहित अन्य संत सवारी में चल रहे थे, साथ ही पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक संजय शुक्ला,एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल विकास अवस्थी,विवेक शर्मा, चारभुजा मण्डल के घनश्याम वैष्णव, नितिन मालू सत्येंद्र शर्मा गगन यादव सहित अन्य मौजूद थे। सवारी में सुखदेश्वर महादेव पालकी पर सवार होकर शाही लवाजमे के साथ भक्तों को दर्शन देने निकले, भक्तों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर महादेव का भव्य स्वागत किया।

### अग्रवाल महिला मंडल की नई कार्यकारिणी की शपथ विधि बुधवार को बाबाश्री रिसोर्ट पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●श्रीअग्रवाल महिला मंडल मल्हारगंज की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती शीला अग्रवाल एवं उनके संचालक मंडल का शपथ विधि समारोह बुधवार 19 अगस्त को एयरपोर्ट रोड छोटा बांगडदा स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, शहर की प्रथम महिला श्रीमती जूही पुष्यमित्र भार्गव, श्रीमती आशा कैलाश विजयवर्गीय एवं श्रीमती सीता जगदीश बाबाश्री के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी विष्णु बिंदल, एस.एन. गोयल समाधान तथा जगदीश गोयल के विशेष आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर श्रीमती शीला अग्रवाल के साथ मंत्री निर्मला अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चंचल गर्ग, उपाध्यक्ष कृष्णा गर्ग, उपमंत्री अनिता ऐरन, कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीमती राजेश अग्रवाल, संगठन मंत्री उमा गोयल एवं प्रचार मंत्री निर्मला ऐरन सहित कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई जाएगी।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### ।। उद्वेलन से संतुलन-एक सुखद बदलाव ।।

सोशल मीडिया की दुनिया ऊब से ज़्यादा विचलित करती है। इस सागर में हिलोरे मारती चरम प्रसन्नता या चरम दु:ख की उद्वेलित लहरें अंत में हमारे मन रुपी तट पर छोड़ जाती है ईर्ष्या, निराशा, असंतुष्टि के अनगिनत कंकर पत्थर। यह सागर कभी भी शांत, संतुलित या सामान्य प्रतीत नहीं होता, हमारे वास्तविक जीवन सा, इसलिए बनावटी भी लगता है और छलावा भी। विज्ञान ने भी सोशल मीडिया के उपयोग को नेगेटिविटी बढ़ने का प्रमुख कारण माना है। अपने अंगूठे को पतवार बनाये पोस्ट दर पोस्ट लहरों को चीरकर हम बढ़ते रहते है गहराइयो की तरफ, कुछ स्वप्निल पा जाने के भ्रम में, दिशाहीन, भ्रमित और अंत में असंतुष्ट। याद रखें सागर के तट जहाँ आकर्षित करते है, गहराई हमेशा ही डराती है। तेजी से पोस्ट दर पोस्ट बदलते दृश्य, संवेदनाओं को भ्रमित करते हुए हमें इतना असंवेदनशील, मशीनी बना देते है की किसी के सुख-दु:ख हमारे लिए Congrats, RIP या Like जैसे निर्जीव शब्दों से ज्यादा कुछ नहीं रह जाते है। इन शब्दों के साथ ही पोस्ट को स्वार्थ का अंगूठा दिखा कर अनिश्चितता की तरफ बढ़ जाना ही सोशल मीडिया की नियति है। सब कुछ यंत्रवत जैसे अंगूठे के अलावा सब कुछ सुन्न। असंवेदनशील। समय आ गया की इस यंत्रवत स्थिति से थोड़ा पीछा छुड़ाकर किताबों की तरफ फिर से लौटा जाये। पुस्तकों का पठन आश्चर्यजनक रूप से मन की रचनात्मकता एवं संवेदनशीलता को पुनर्जीवित करता है। सोशल मीडिया पोस्ट्स में खोते जाने के भ्रम के उलट पुस्तकों के पढ़े गए पन्ने आपको संचित ज्ञान का आभास देंगे। जादूगरी से लिखे गए शब्द न जाने कब आपके मन में एक रचनात्मक संसार खड़ा कर देंगे। आपका अपना वास्तविक संसार जिसमे आप अपने आप को साफ़ साफ़ देख सकेंगे। यह अनुभव उद्वेलित सागर में डूबते जाने से उलट शांत निर्मल नदी के तट पर खड़े होने जैसा है। शांत पानी जिसमे आप अपना प्रतिबिम्ब समस्त गुणों एवं अवगुणो के साथ साफ़ देख सकते है। यह अपने आप को महसूस करने जैसा होगा, एकदम वैसे ही जैसे आप है। यह अपने जीवन में फिर से संतुलन को पाने के प्रयास में एक उत्कृष्ट कदम होगा, कुछ कुछ अपनी जड़ो में लौटने जैसा। अंत में हमें समझना चाहिए के सागर के तट कुछ देर खेलने के लिए भले ही अच्छे हो परन्तु हमारी प्यास तो नदियों से ही पूरी हो सकती है।



**सतीश शर्मा**

# हाईवे पर हादसा,भीड़ तमाशबीन और एंबुलेंस बेपरवाह -अब नहीं चलेगी लापरवाही: एनएचएआई के नए नियम बदलेंगे गोल्डन ऑवर की तस्वीर

राष्ट्रीय राजमार्ग केवल शहरों और राज्यों को जोड़ने वाली सड़कें नहीं हैं, वे हर देश की आर्थिक जीवनरेखा हैं।लेकिन यही जीवनरेखा जबकिसी सड़क दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति के लिए समय पर चिकित्सा जीवनरेखा उपलब्ध नहीं करा पाती, तो सड़क सुरक्षा का प्रश्न केवल यातायात अनुशासन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सीधे मानव जीवन,प्रशासनिक जवाबदेही और स्वास्थ्य व्यवस्था का राष्ट्रीय प्रश्न बन जाता है। दुर्घटना के बाद सड़क किनारे तड़पता घायल व्यक्ति, आसपास खड़ी भीड़, मोबाइल से वीडियो बनाते लोग, पुलिस और कानूनी कार्रवाई के डर से पीछे हटते राहगीर और देर से पहुंचती एंबुलेंस,यह पूरा दृश्य बताता है कि कई बार दुर्घटना में लगी चोट से अधिक घातक इलाज तक पहुंचने में हुई देरी होती है। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अगस्त 2026 के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रीय राजमार्गों पर आपातकालीन सेवाओं के लिए कड़े सर्विस - लेवल स्टैण्डर्ड्स लागू किए हैं। नई व्यवस्था के तहत 10 किलोमीटर के दायरे में दुर्घटनास्थल तक एंबुलेंस को टिकट स्वीकार होने के बाद अधिकतम 10 मिनट में पहुंचना होगा। अगर हम दस मिनट की घड़ी: दुर्घटना से अस्पताल तक हर क्षण की जवाबदेही को समझने की करें तो एनएचएआई के नए मानकों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अब एंबुलेंस सेवा को केवल उपलब्ध मान लेना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि उसकी प्रतिक्रिया की प्रत्येक अवस्था समयबद्ध और डिजिटल रूप से मापी जाएगी। नई व्यवस्था में आपातकालीन टिकट को एक मिनट के भीतर स्वीकार करना, स्वीकार किए जाने के बाद एंबुलेंस को दो मिनट के भीतर रवाना करना और 10 किलोमीटर की सीमा के भीतर दुर्घटनास्थल तक 10 मिनट में पहुंचना निर्धारित किया गया है। 10 किलोमीटर से अधिक दूरी वाले मामलों में दूरी के अनुरूप अनुमत समय बढ़ेगा। इसके बाद घायल को निकटतम अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एक घंटे की सीमा तय की गई है। अर्थात दुर्घटना की सूचना से लेकर घटनास्थल और फिर अस्पताल तक की पूरी यात्रा अब केवल मानवीय विवेक पर नहीं, बल्कि मापनीय सेवा- मानक पर आधारित होगी।यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पुरानी व्यवस्था में अक्सर सवाल यह नहीं होता था कि एंबुलेंस उपलब्ध थी या नहीं, बल्कि यह होता था कि वह आई कब चली कब,पहुंची कब और मरीज अस्पताल पहुंचा कब। अब इन प्रश्नों के उत्तर जीपीएस और एनएचएआई केयर सिस्टम के डिजिटल रिकॉर्ड से निकाले जा सकेंगे। एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगभग 3,000 एंबुलेंस तथा लगभग 1,000 पेट्रोलिंग वाहन और क्रेन तैनात होने की जानकारी दी है, जो लगभग 50,000 किलोमीटर के हाईवे नेटवर्क को कवर करते हैं। हम देरी पर जुर्माना:अब ट्रैफिक में फंसे थे वाला बहाना नहीं चलेगा इसको समझने की करें तो, नई व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी अकाउंटेंबिलिटी आर्किटेक्चर है। दुर्घटनास्थल तक निर्धारित समय में नहीं पहुंचने पर




10,000 रूपए तक की पेनल्टी का प्रावधान है।यदि आपातकालीन टिकट स्वीकार करने में एक मिनट से अधिक की देरी होती है तो अतिरिक्त देरी पर 5,000 रूपए प्रति मिनट या उसके हिस्से के हिसाब से दंड लगाया जा सकता है। इसी प्रकार टिकट स्वीकार करने के बाद एंबुलेंस के दो मिनट के भीतर रवाना न होने पर भी अतिरिक्त देरी के लिए दंड निर्धारित है। किसी आपातकालीन टिकट को अस्वीकार करना भी गंभीर उल्लंघन माना गया है और इसके लिए 10,000 रूपए प्रति घटना की पेनल्टी का प्रावधान बताया गया है। घायल को निर्धारित एक घंटे में निकटतम अस्पताल तक न पहुंचाने पर भी 10,000 रूपए का दंड लगाया जा सकता है। यानें अब एंबुलेंस सेवा में कॉल आया था लेकिन ड्राइवर उपलब्ध नहीं था, लोकेशन नहीं मिली, ट्रैफिक बहुत था,कॉल देर से मिला जैसे मौखिक स्पष्टीकरणों की जगह डिजिटल रिकॉर्ड महत्वपूर्ण होगा। एनएचएआई केयर डैशबोर्ड और जीपीएस यह दर्ज कर सकते हैं कि टिकट कब बना, कब स्वीकार हुआ, वाहन कब चला, कितनी दूरी तय की और अस्पताल कब पहुंचाया गया। यही वह परिवर्तन है जो किसी सरकारी या अनुबंधित सेवा को महज सुविधा से उठाकर जवाबदेह सार्वजनिक सेवा में बदलता है।

अगर हम जीपीएस एआईएस -140 और मोबाइल डेटा: हाईवे एंबुलेंस अब डिजिटल निगरानी में, इसको समझने की करें तो इस पूरी व्यवस्था का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ तकनीक है।एनएचएआई के अनुसार उसके ऑन-रोड यूनिट्स में एआईएस-140 कम्प्लीट जीपीएस डिवाइसस लगाए गए हैं। एंबुलेंस, क्रेन और पेट्रोलिंग वाहनों के साथ एंड्राइड आधारित मोबाइल डेटा टर्मिनल और एलओं टी सिम की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य केवल वाहन की लोकेशन जानना नहीं, बल्कि इंसिडेंट मैनेजमेंट सिस्टम को वास्तविक समय का डेटा उपलब्ध कराना है। इसका अर्थ है कि हाईवे पर दुर्घटना की सूचना मिलते ही पूरा घटनाक्रम डिजिटल रूप से दर्ज किया जा सकता है। एनएचएआई का 1033 हेल्पलाइन सिस्टम पहले से ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं की सूचना लेने के लिए 24म7 व्यवस्था के रूप में विकसित किया गया है। एनएचएआई के आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार 1033 के माध्यम से दुर्घटना की सूचना मिलने पर संबंधित इंसिडेंट मैनेजमेंट कंट्रोल सेंटर एंबुलेंस, पेट्रोलिंग वाहन और क्रेन जैसी सहायता भेज सकता है।इसलिए किसी हाईवे यात्री के लिए सबसे महत्वपूर्ण संदेश सरल है दुर्घटना दिखे तो 1033 पर सूचना दें, सही लोकेशन बताएं और सहायता आने तक सुरक्षित तरीके से स्थिति पर नजर रखें। गोल्डन ऑवर वास्तव में जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी है।सड़क दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा चिकित्सा विज्ञान और सड़क सुरक्षा नीति दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार बड़ी संख्या में सड़क़ दुर्घटना पीड़ित समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से बचाए जा सकते हैं; मंत्रालय की गुड स्मार्टीयन जानकारी भी बताती है कि दुर्घटना के बाद पहले घंटे में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना निर्णायक हो सकता है। मिनिस्ट्री ऑफ़ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवेज यहीं एनएचएआई की नई व्यवस्था का वास्तविक महत्व समझ में आता है। यदि एंबुलेंस 10 मिनट में घटनास्थल पहुंचती है और अगले चरण में घायल को निर्धारित समय के भीतर अस्पताल पहुंचाया जाता है तो चिकित्सा प्रणाली के पास मरीज को स्थिर करने, रक्तस्राव रोकने, ऑक्सीजन देने, फ्रैक्चर को स्थिर करने और आवश्यक जीवनरक्षक उपचार शुरू करने का बेहतर अवसर रहता है। इसलिए 10 मिनट केवल एक प्रशासनिक संख्या नहीं,बल्कि सटीकता से जीवन बचाने की रणनीति है। सवाल सिर्फ एंबुलेंस का नहीं अस्पताल तक सही पहुंच का भी है इसको समझने की करें तो,दुर्घटना के बाद एक दूसरी बड़ी समस्या यह रही है कि घायल व्यक्ति को हमेशा सबसे नजदीकी उपयुक्त अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता। नई व्यवस्था में टिकट स्वीकार होने के बाद एक घंटे के भीतर निकटतम अस्पताल पहुंचाने का लक्ष्य इसी समस्या को संबोधित करता है। इससे अनावश्यक लंबी दूरी, निजी अस्पताल चुनने में देरी अथवा अन्य गैर-चिकित्सीय कारणों से समय बर्बाद होने की संभावना कम की जा सकती है। लेकिन यहां यह भी समझना जरूरी है कि 'निकटतम अस्पताल' और उपयुक्त ट्रॉमा सेंटर हमेशा एक ही चीज नहीं होते। इसलिए भविष्य की व्यवस्था में अस्पतालों को भी ट्रॉमा क्षमता, आईसीयु ,ऑपरेशन सुविधा, रक्त की उपलब्धता और विशेषज्ञ चिकित्सकों के आधार पर डिजिटल रूप से वर्गीकृत करना होगा। केवल मरीज को जल्दी अस्पताल पहुंचाना पर्याप्त नहीं; सही मरीज को सही क्षमता वाले अस्पताल तक जल्दी पहुंचाना सटीकता से असली लक्ष्य होना चाहिए। लापरवाही केवल एंबुलेंस की नहीं, इंफ्रास्ट्रक्चर भी जिम्मेदार इसको समझने की करें तो, राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं के पीछे केवल चालक की गलती या एंबुलेंस की देरी को जिम्मेदार ठहराना अधूरा विश्लेषण होगा। सड़क की डिजाइन, ब्लैक स्पॉट, खराब रोशनी, अवैध पार्किंग, गलत कट, सर्विस रोड की कमी, टोल प्लाजा पर जाम, सड़क किनारे खड़े भारी वाहन और अपर्याप्त मोबाइल नेटवर्क जैसी समस्याएं भी इमरजेंसी रिस्पांस टाइम को प्रभावित करती हैं।यदि एंबुलेंस 10 मिनट में निकल भी जाए लेकिन रास्ते में ट्रक खड़े हों,टोल प्लाजा पर अवरोध हो या दुर्घटना की लोकेशन स्पष्ट न हो, तो लक्ष्य हासिल करना कठिन होगा। इसलिए एनएचएआई की नई नीति को रोड इंजीनियरिंग +ट्रैफिक मैनेजमेंट+इमरजेंसी मेडिकल रिस्पांस के संयुक्त मॉडल के रूप में लागू करना होगा। केवल एंबुलेंस पर दंड लगाकर सड़क सुरक्षा का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।जनता का डर भी मौत का कारण सटीकता से नहीं बनना चाहिए। भारत में सड़क दुर्घटना के बाद सबसे बड़ी सामाजिक समस्याओं में से एक है,कौन पुलिस के चक्कर में पड़े? इसको समझने की करें तो यह मानसिकता बदलना आवश्यक है। इसके लिए भारत में गुड स्मार्टीयन यानी 'नेक मददगार' के अधिकारों को कानूनी संरक्षण दिया गया है।मोटर व्हीकलस (अमेन्डमेंट) एक्ट, 2019 ने धारा134 ए के माध्यम से गुड समारिटेंस की सुरक्षा का प्रावधान किया। सद्भावना से दुर्घटना पीड़ित की सहायता करने वाले व्यक्ति को केवल सहायता करने के कारण नागरिक या आपराधिक कार्रवाई के भय में नहीं रहना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी गुड स्मार्टीयन के संबंध में महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देशों को मंजूरी दी है। ऐसे मददगार को अनावश्यक रूप से पुलिस पूछताछ में रोकना, पहचान बताने के लिए मजबूर करना या बार-बार अदालत में बुलाना व्यवस्था का उद्देश्य नहीं है। 2020 में केंद्र सरकार ने गुड समेरिटन प्रोटेक्शन रूल्स को औपचारिक रूप से अधिसूचित भी किया।

इसलिए अब समाज को यह संदेश स्पष्ट रूप से देना होगा घायल की मदद करना कानूनी मुसीबत मोल लेना नहीं, बल्कि कानून द्वारा संरक्षित मानवीय कर्तव्य है।एंबुलेंस को रास्ता देना भी कानूनी जिम्मेदारी है।मोटर व्हीकलस (अमेन्डमेंट) एक्ट, 2019 ने आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने को गंभीर यातायात उल्लंघन बनाया है।धारा 194 ई के तहत एंबुलेंस,फायर ब्रिगेड या अन्य निर्धारित आपातकालीन वाहन को रास्ता न देने पर 10,000 रूपए का जुर्माना निर्धारित है। गुड स्मार्टीयन से राह-वीर तक:समाज को दर्शक से जीवनरक्षक बनाना होगा।यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य सुधारना भी जरूरी है। पहले गुड समारेरिटन योजना में 5,000 रूपए पुरस्कार का प्रावधान था, लेकिन बाद में राह-वीर योजना के अंतर्गत पुरस्कार बढ़ाकर 25,000 रूपए किया गया है। सरकारी दस्तावेजों में भी इस संशोधित व्यवस्था का उल्लेख है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि सड़क दुर्घटना को पूरी तरह समाप्त करना शायद संभव न हो,लेकिन दुर्घटना के बाद होने वाली दूसरी मौत यानी समय पर इलाज न मिलने से होने वाली मौत को बहुत हद तक रोका जा सकता है। एनएचएआई के नए नियम इसी सोच को संस्थागत रूप देने की कोशिश हैं।

-लेखक एडवोकेट **किशन सनमुखदास भावनानीं**, गोंदिया, महाराष्ट्र

## आंचलिक

# शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया में 80 वा स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



**अजय नलवाया (7879800048)**
**धार ● दैनिक इंदौर संकेत**

80 वा स्वतंत्रता दिवस माध्यमिक विद्यालय रायपुरिया में धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम माता सरस्वती जी का पुजन कर झंडा वंदन शाला के प्रधान अध्यापक एस.एस.डाबर के द्वारा किया गया,शाला के बच्चों के द्वारा क्रीडा, पी.टी. तथा ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई,बच्चों को विशेष भोज करवाया गया,कार्यक्रम में ग्राम के उप सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ एस.एम.सी. अध्यक्ष श्रीमती पूजा मकवाना तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक तथा पालक उपस्थित रहे । कार्यक्रम में शाला के शिक्षक रचना ठाकुर, अंतिम बाला मोर्य, कविता बडुक्या ,सोनल गुप्ता तथा भ्रत्य नानी बाई का सराहनीय सहभागिता रही, कार्यक्रम का संचालन दीपक कारपेंटर ने तथा आभार श्रीमती संतु डाबर के द्वारा व्यक्त किया गया।

# बगड़ी ग्राम पंचायत में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● ग्राम पंचायत बगड़ी में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में नीरा ठाकुर, गगन वर्मा, सचिव सुनील मीणा, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य अतिथिगण की उपस्थिति रही। अतिथियों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद सभी ने राष्ट्रगान के साथ देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों ने भी पूरे उत्साह के साथ समारोह का आनंद लिया।



इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने जो त्याग और बलिदान दिया, उसे सदैव याद रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से देशहित, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह के दौरान ग्रामवासियों ने एकजुट होकर स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। यह जानकारी रवि परमार द्वारा दी गई।

## एसपीडीए ग्राउंड बदहाल, झाड़ियों से घिरा मैदान, खिलाड़ियों को परेशानी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● शहर का एसपीडीए ग्राउंड इन दिनों बदहाल स्थिति में है। साफ-सफाई और रखरखाव नहीं होने से मैदान के बड़े हिस्से में झाड़ियां उग आई हैं। इससे यहां खेलने आने वाले बच्चों और युवाओं को परेशानी हो रही है। मैदान में जगह-जगह बड़ी झाड़ियां उग गई हैं। इसके कारण मैदान का एक बड़ा हिस्सा लावारिस नजर आता है। इससे मैदान का स्वरूप भी बिगड़ गया है। बच्चे और युवा यहां क्रिकेट, फुटबॉल सहित अलग-अलग खेलों का अभ्यास करने आते हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि नियमित सफाई नहीं होने से उन्हें खेलने में दिक्कत होती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रात के समय मैदान में शराबियों का जमावड़ा रहता है। झाड़ियों और साफ-सफाई की कमी के कारण यहां असामाजिक गतिविधियों की आशंका भी बनी रहती है। इससे मैदान की सुरक्षा को लेकर चिंता है। शहरवासियों और खिलाड़ियों का कहना है कि नगर पालिका को समय-समय पर मैदान की सफाई और झाड़ियों की कटाई करवानी चाहिए। उनका कहना है कि लंबे समय से इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# पीथमपुर-धार रेल ट्रायल पूरा, निर्माण कार्य धीमे, रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास और ट्रैक से जुड़े कई काम अधूरे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● इंदौर-दाहोद रेल परियोजना के तहत पीथमपुर से धार तक रेलवे ट्रायल पूरा होने के बाद परियोजना की रफ्तार धीमी पड़ती नजर आ रही है। इससे वर्ष 2026 के अंत तक धार में यात्री रेल सेवा शुरू होने की उम्मीदों पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जिलेवासियों को लंबे समय से रेल कनेक्टिविटी का इंतजार है।

पीथमपुर से धार के बीच रेलवे ट्रायल को परियोजना की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना गया था। ट्रायल पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी थी कि अब धार तक रेल संचालन शुरू करने के लिए बचे हुए कार्यों में तेजी आएगी। हालांकि, ट्रायल के बाद भी कई स्थानों पर निर्माण कार्य अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। इससे रेल सेवा शुरू होने की समयसीमा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। परियोजना के तहत धार और आसपास के क्षेत्रों में रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास और ट्रैक से जुड़े कई निर्माण कार्य अभी पूरे नहीं हुए हैं। कुछ जगहों पर लंबे समय से काम धीमी गति से चल रहा है। विशेष रूप से रेलवे क्रॉसिंग से जुड़े निर्माण कार्य रेल संचालन के लिए



महत्वपूर्ण हैं। इनके अधूरे रहने से स्थानीय लोगों को भी वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। परियोजना के कई महत्वपूर्ण कार्य निर्धारित समयसीमा के बावजूद पूरे नहीं हो पाए हैं। ऐसे में वर्ष 2026 के अंत तक धार में यात्री रेल सेवा शुरू करने का लक्ष्य कितना व्यावहारिक होगा, इस पर सवाल उठने लगे हैं। धार जिले के लोगों के लिए रेल कनेक्टिविटी लंबे समय से बड़ी मांग रही है। परियोजना में प्रगति होने से जिलेवासियों को उम्मीद थी कि जल्द ही धार सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा। लेकिन ट्रायल के बाद निर्माण कार्यों की धीमी गति ने एक बार फिर लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

# रोड निर्माण में घटिया मटेरियल इस्तेमाल करने का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मोहद गांव में बीड़-मूंदी हाईवे पर सीसी रोड निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण में सीमेंट की मात्रा कम रखी जा रही है। बालू रेत की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक रात में भी सड़क का काम कराया जा रहा है। PWD ने शिकायत मिलने पर ठेकेदार को नोटिस देने और जांच के लिए इंजीनियर भेजने की बात कही है। बीड-मूंदी हाईवे के तहत मोहद गांव में टू-लेन सीसी रोड बनना था। ग्रामीणों ने बताया कि बजट की कमी बताकर काम



अधूरा छोड़ दिया गया था। इसके बाद उन्होंने करीब तीन साल तक सड़क के लिए संघर्ष किया। फिर बाद में PWD ने एक करोड़ रुपए मंजूर किए। अब सड़क का काम शुरू हुआ है। खंडवा की एक कंपनी को इसका ठेका मिला है।

ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर काम करा रही है। गांव वालों का कहना है कि सड़क के निर्माण में खराब क्वालिटी के माल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट-कांक्रीट में सीमेंट की मात्रा भी कम की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग के अधिकारियों ने एक मिक्सर में 12 बोरी सीमेंट मिलाने की जानकारी दी थी। ग्रामीणों का दावा है कि मौके पर एक मिक्सर में सिर्फ 4 बोरी सीमेंट डाली जा रही है।

# ओंकारेश्वर में वीआईपी प्रोटोकॉल बेअसर, ऑनलाइन टिकट, 300 डोनेशन से हो रहे दर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ●ओंकारेश्वर में सावन मास के शनिवार और रविवार को भारी भीड़ उमड़ने के कारण दर्शन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। बाबा ओंकारेश्वर-ममलेश्वर के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु लंबी कतारों में खड़े दिखे। प्रोटोकॉल दर्शन और ऑनलाइन टिकट बुक कराने वाले श्रद्धालुओं को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। पुणे से आए श्रद्धालु विजय भगवान ने बताया कि ऑनलाइन टिकट बुक कराने के बावजूद उन्हें रिस्ट बेल्ट लेने के लिए लगभग दो घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ा। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी लंबी कतारों में लगना पड़े, तो ऐसी व्यवस्था का क्या औचित्य है।

इस बीच, दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा के ओएसडी गुलशन विरमानी ने प्रोटोकॉल दर्शन के लिए खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजा था। उनके साथ सोनू शर्मा, भूपेंद्र, संदीप कुमार और कुलदीप सिंह ओंकारेश्वर पहुंचे। नायब तहसीलदार एवं सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी उदय मंडलोई ने उन्हें बताया कि कलेक्टर कार्यालय से जानकारी मिलने के बाद ही दर्शन की व्यवस्था हो पाएगी। काफी इंतजार के बाद, वे प्रोटोकॉल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मुकेश काशिव से मिले और दर्शन का आग्रह किया। उनके आग्रह पर, मंदिर ट्रस्ट ने प्रत्येक व्यक्ति से क्यूआर कोड के माध्यम से 300 का डोनेशन लिया, जिसके बाद उन्हें दर्शन की अनुमति दी गई। यह घटना दर्शन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# महिला हाकी वर्ल्ड कप में भारत-चीन मैच 2-2 से ड्रॉ



**एम्सटेलवीन (एजेंसी)** ● एफआईएच रैंकिंग में नंबर-9 की टीम इंडिया ने महिला हाकी वर्ल्ड कप के पहले मैच में नंबर-4 रैंक चीन को 2-2 के ड्रॉ पर रोक लिया। अब टीम इंडिया का अगला मैच साउथ अफ्रीका से होगा। वैगनर स्टेडियम में रविवार को खेले गए मैच के आठवें मिनट में नवनीत कौर ने फील्ड गोल करके इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। 15वें मिनट में चीन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। झांग यिंग ने पेनल्टी पर गोल स्कोर किया। 25वें मिनट में दीपिक ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को आगे कर दिया। 39वें मिनट में मा निंग ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर बराबर किया। आखिरी क्वार्टर में चीन ने दबाव बनाया, लेकिन भारत ने मजबूती से बचाव करते हुए मैच ड्रॉ करवाया।

## हाकी वर्ल्ड कप में भारत का विजयी आगाज़, 3-1 से हराया वेल्स



**एम्सटेलवीन (एजेंसी)** ● भारत ने पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप में जीत से शुरुआत की है। टीम ने वेल्स को 3-1 से हराया। टीम का अगला मैच 17 अगस्त को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। वैगनर स्टेडियम में संजय ने पेनल्टी पर गोल करके टूर्नामेंट में भारत के गोल का खाता खोला। फिर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे। वेल्स की ओर से सैम वेल्श ने गोल करके हार के अंतर को कम किया।

हाकी विश्व कप 2026 में भारत और पाकिस्तान का भी मुकाबला होगा। 19 अगस्त को दोनों ही टीमों की टक्कर होगी। उससे पहले 17 अगस्त को भारतीय टीम इंग्लैंड का सामना करेगी, तो पाकिस्तान की टीम वेल्स के सामने होगी।

### आज इंग्लैंड से टक्कर

हॉकी विश्व कप में पूल डी में शामिल भारतीय टीम का अगला मैच सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 से खेला जाएगा। टीम इंडिया के लिए वेल्स की अपेक्षा इंग्लैंड कड़ी चुनौती पेश करेगी। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 4-1 से हराया था।

## इंदौर जिला कुडो चैंपियनशिप में जीत रजक पदक

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●इंदौर जिला कुडो चैंपियनशिप में जीत रजक पदक /इंदौर के उभरते सितारे मौर्य ने कुडो चैंपियनशिप में जीता रजत पदक खेल के मैदान में शहर का नाम रोशन करते हुए युवा खिलाड़ी लव मौर्य ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में संपन्न हुई 'इंदौर जिला कुडो चैंपियनशिप 2026-27 में लव मौर्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक सिल्वर मेडल अपने नाम किया है।

अपनी कड़ी मेहनत, उत्कृष्ट अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से उनके परिजनों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह का माहौल है।



# कमलप्रीत का किरदार निभाना मेरे लिए बड़ी बात: दीया मिर्जा

**मुंबई (एजेंसी)** ● हाल ही में रिलीज वेब सीरीज ऑपरेशन सफेद सागर में अभिनेत्री दीया मिर्जा ने पूर्व एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ (बीएस धनोआ) की पत्नी कमलप्रीत कौर धनोआ का किरदार निभाया है। इस रोल में देखकर दीया मिर्जा की हर तरफ सराहना हो रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से हाल ही में अभिनेत्री ने सीरीज का हिस्सा बनकर अपनी भावनाओं को साझा किया और पूरी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। दीया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की, जिनमें वे सह-अभिनेता जिमी शेरगिल समेत सीरीज से जुड़े कई महत्वपूर्ण लोगों के साथ नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने इस पोस्ट के जरिए बताया कि इस महत्वपूर्ण सीरीज का हिस्सा होना उनके लिए कितना मायने रखता है, जिसके लिए उन्होंने सभी का दिल से आभार जताया। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में लिखा, एक कलाकार के तौर पर हम जो किरदार चुनते हैं, वह सिर्फ हमारी पसंद नहीं होती, बल्कि कभी-कभी किरदार हमें चुनता है, जिससे हम एक बेहतर इंसान बनते हैं। ऑपरेशन सफेद सागर में कमलप्रीत धनोआ का किरदार निभाना मेरे लिए एक बहुत बड़ी बात है कि मुझे ऐसा सशक्त किरदार निभाने का अवसर मिला। उन्होंने कमलप्रीत मैम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वे हमेशा उनके दिल में रहेंगी। अपने सह-कलाकार जिमी शेरगिल की तारीफ करते हुए दीया ने लिखा, टोनी सर, आप कमाल हैं। जिमी शेरगिल सर, आपके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। टोनी धनोआ (पूर्व एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ का घर का नाम) के रोल के लिए आपसे बेहतर कोई नहीं हो सकता। 6 एपिसोड की यह हिंदी वॉर-ड्रामा वेब सीरीज भारतीय वायुसेना के ऐतिहासिक और साहसी ऑपरेशन सफेद सागर पर आधारित है, जो 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान हुआ था। सीरीज में जिमी शेरगिल ने दीया मिर्जा के पति पूर्व एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ (बीएस धनोआ) का प्रभावशाली किरदार निभाया है।



## आरपीएफ पर हमला करने के आरोप में अंतरा बनर्जी गिरफ्तार



**मुंबई (एजेंसी)** ●मुंबई में अरावली एक्सप्रेस में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान पर कथित हमला करने के आरोप में मॉडल और वेब सीरीज़ अभिनेत्री अंतरा बनर्जी को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना तब हुई जब स्लीपर-क्लास का टिकट होने के बावजूद वह आरक्षित एसी कोच में यात्रा कर रही थीं और इसे लेकर विवाद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सुश्री बनर्जी शूटिंग के सिलसिले में सूरत जा रही थीं, कथित तौर पर 12 अगस्त को आरक्षित एसी कोच में चली गईं। एक यात्री ने बनर्जी से आरक्षित सीट खाली करने को कहा, जिसके बाद मामला टिकट कलेक्टर हरिकेश त्रिपाठी और आरपीएफ कर्मियों के संज्ञान में लाया गया। आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक यामिनीकांत मिश्रा और कांस्टेबल राजेश कुमार ने बीच-बचाव कियाए लेकिन सुश्री बनर्जी ने कथित तौर पर अधिकारियों के साथ बदसलूकी की और हिंसक हो गईं। बनर्जी ने कथित तौर पर शीशा तोडक़र भागने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दहानू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर सरकारी रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया। अगली सुबह बोरीवली रेलवे पुलिस ने बनर्जी को हिरासत में ले लिया।

## उज्जैन संभाग

# स्वतंत्रता दिवस पर महाकाल मंदिर में बिके 122 क्विंटल लड्डू, लाखों श्रद्धालुओं ने किए महाकालेश्वर के दर्शन

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ●स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शनिवार, 15 अगस्त को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देशभर से पहुंचे 6 लाख 57 हजार 218 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। स्वतंत्रता दिवस और सावन के बीच मंदिर परिसर और दर्शन मार्गों पर दिनभर भीड़ बनी रही। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार, 15 अगस्त को कुल 6,57,218 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में बड़ी मात्रा में लड्डू खरीदे। एक दिन में 122.165 क्विंटल यानी 12,216.5 किलो से अधिक लड्डुओं



की बिक्री हुई। इससे समिति को 54 लाख 69 हजार 800 रुपए की आय हुई। महाकाल मंदिर में ऑनलाइन और काउंटर टिकट से भी समिति को बड़ी राशि मिली।

ऑनलाइन टिकट से 27,953 श्रद्धालुओं से 69 लाख 88 हजार 250 रुपए की आय हुई। वहीं, काउंटर टिकट से 15,200 श्रद्धालुओं से 38 लाख रुपए मिले। ऑनलाइन और काउंटर टिकट से समिति को एक दिन में कुल 1 करोड़ 7 लाख 88 हजार 250 रुपए की आय हुई।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति ने दर्शन व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जरूरी इंतजाम किए थे। समिति का कहना है कि श्रद्धालुओं को सुगम और व्यवस्थित दर्शन कराने के लिए व्यवस्थाएं लगातार सुनिश्चित की जा रही हैं।

## भस्म आरती में शामिल होने पहुंचे कुमार विश्वास

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● कुमार विश्वास ने रविवार सुबह उज्जैन में ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रात: कालीन भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान वे भगवा सोला पहने हुए थे। मंदिर पहुंचने पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के उप प्रशासक एस.एन. सोनी ने उनका स्वागत किया। भस्म आरती के बाद कुमार विश्वास ने अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि यह महज संयोग नहीं, बल्कि बाबा महाकाल की कृपा है कि हर श्रावण में किसी न किसी बहाने उनकी हाजिरी सुनिश्चित हो जाती है।

उन्होंने बताया कि श्रावण हिंदू परंपरा के सबसे पवित्र महीनों में से एक है और ऐसे समय में बाबा महाकाल के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने भगवान महाकाल के चरणों में कृतज्ञता, धन्यवाद और प्रार्थना अर्पित की। विश्वास ने कहा कि दर्शन के बाद उन्हें मन में शांति का अनुभव हुआ।

कुमार विश्वास ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता का 80वां वर्ष पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि देश अपनी प्राचीन गरिमा और पुनर्वैभव की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने बाबा महाकाल के चरणों में देश के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद भी व्यक्त किया।



कुमार विश्वास ने यह भी कहा कि महाकाल की नगरी में आकर उन्हें आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा मिलती है। उनके अनुसार, श्रावण जैसे पवित्र माह में भगवान महाकाल के दर्शन होना संचित पुण्य कर्मों का फल है।

### भारत विश्व का सबसे युवा देश

युवाओं से जुड़े एक सवाल पर कुमार विश्वास ने कहा कि आज का युवा ही भारत का भविष्य है। उन्होंने जोर दिया कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। उन्होंने यह भी कहा कि देश का युवा अब अपनी चेतना और सांस्कृतिक पहचान को लेकर पहले से अधिक सतर्क है।

## शिप्रा तट पर विकसित होगा नमो घाट भगवान कृष्ण की कांस्य प्रतिमा लगेगी

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● मध्य प्रदेश सरकार वाराणसी की तर्ज पर उज्जैन में शिप्रा तट पर नमो घाट बनाने जा रही है। यहां 182 फीट ऊंची भगवान कृष्ण की कांस्य प्रतिमा लगाई जाएगी। इसके बाद यहीं हर शाम शिप्रा आरती की जाएगी। उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) इसकी तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण का दावा है कि अगले दो साल में घाट और भगवान की प्रतिमा तैयार हो जाएगी। यूडीए के अनुसार, प्रतिमा का निर्माण हरिफाटक बायपास स्थित यूनिटी मॉल के पीछे क्षिप्रा नदी के किनारे प्रस्तावित है। इसके साथ घाटों का विकास भी किया जाएगा, ताकि क्षेत्र को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

### ब्रॉन्ज की प्रतिमा, स्ट्रक्चर स्टेनलेस स्टील का

भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप की 182 फीट ऊंची प्रतिमा मेटल से तैयार होगी। इसमें ब्रॉन्ज यानी कांस्य का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि अंदरूनी स्ट्रक्चर स्टेनलेस स्टील का होगा। प्रतिमा को मजबूती और सुरक्षा के लिहाज से तैयार किया जाएगा। इसके स्ट्रक्चरल डिजाइन के लिए ऐसे इंजीनियर की मदद ली गई है, जो सरदार वल्लभभाई पटेल की विशाल प्रतिमा के डिजाइन से जुड़े रहे हैं।

### नमो घाट पर हर शाम होगी शिप्रा आरती

प्रतिमा के साथ विकसित होने वाले नमो घाट पर नियमित रूप से शिप्रा आरती और पूजन की व्यवस्था की जाएगी। इससे श्रद्धालुओं को एक ही परिसर में भगवान कृष्ण के विराट स्वरूप के दर्शन और शिप्रा आरती का अनुभव मिल सकेगा। यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप यह परियोजना तैयार की जा रही है। करीब दो साल में पूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हरिफाटक बायपास के पीछे जिस क्षेत्र में प्रतिमा और नमो घाट प्रस्तावित हैं, वहां करीब 260 करोड़ रुपए की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण भी कराया जा रहा है।

## देवास-उज्जैन में चेन लूटने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 5 लाख का सामान जब्त




दैनिक इंदौर संकेत

**देवास** ● देवास और उज्जैन में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नेचिंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने देवास में मंगलसूत्र लूटने के बाद उज्जैन में भी वारदात की थी। पुलिस ने 150 किलोमीटर के दायरे में 200 से अधिक ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगालकर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने रविवार को एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया। जांच में सामने आया कि देवास में वारदात के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए उज्जैन की ओर भागे थे।

### 5 लाख रुपए का सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों के पास से देवास में लूटा गया करीब 80 हजार रुपए कीमत का सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है। इसके अलावा उज्जैन में लूटी गई करीब 2 लाख रुपए कीमत की दो सोने की चेन भी मिली हैं। वारदात में इस्तेमाल करीब 2 लाख रुपए कीमत की बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक जब्त सामान की कुल कीमत करीब 5 लाख रुपए है।

### इंदौर के आरोपी पर 13 मामले दर्ज

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद जाबिर हुसैन उर्फ सत्तारिया उर्फ अठारिया (28) निवासी बाणगंगा, इंदौर और रेहान शेख (20) निवासी बुरहानपुर, हाल मुकाम इंदौर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि जाबिर हुसैन आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ इंदौर के अलग-अलग थानों में लूट, रंगदारी, मारपीट, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट सहित 13 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2024 में भी उसके खिलाफ लूट के कई मामले दर्ज हुए थे।

### रास्ते पर 200 से ज्यादा सीसीटीवी देखे

देवास में वारदात के बाद आरोपी जिस रास्ते से उज्जैन की ओर गए, पुलिस ने उस पूरे रास्ते को चिन्हित किया। इसके बाद करीब 150 किलोमीटर के क्षेत्र में 200 से ज्यादा ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली गई। अलग-अलग जगहों के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में आरोपियों की बाइक और उनकी गतिविधियों के बीच संबंध मिला। इसी आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सोलंकी, उनि संजय सौराष्ट्रीय, सउनि ईश्वर मंडलोई, पुलिस टीम और साइबर सेल देवास के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक देवास ने टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए 10 हजार रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

# 15 अगस्त भी बीता, फिर भी नहीं चली हेरिटेज ट्रेन

## सफर बन जाता है यादगार... बीकानेर से मेंटेनेंस के बाद इंदौर पहुंचा पूरा रैक, अब की जा रही ट्रॉयल की तैयारी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • 15 अगस्त का लंबा वीकेंड भी बीत गया, लेकिन पातालपानी–कालाकुंड की पहचान बन चुकी हेरिटेज ट्रेन अब तक पटरी पर नहीं लौट सकी। मानसून की बारिश के बीच जब पातालपानी का झरना पूरे शवाब पर है, पहाड़ हरियाली से ढंके हैं और घाटियां बादलों से घिरी हैं, ऐसे समय में पर्यटक इस ट्रेन के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। रेलवे की तैयारी अब भी ट्रॉयल रन के चरण में है। हालांकि राहत की बात यह है कि हेरिटेज ट्रेन का पूरा रैक मेंटेनेंस के बाद बीकानेर से इंदौर पहुंच गया है। रविवार सुबह रैक लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पहुंचा। अब इसे महू होते हुए पातालपानी ले जाया जाएगा। वहां क्रेन की मदद से कोचों को ट्रैक पर उतारने के बाद इंजन के साथ उनका



अलाइनमेंट किया जाएगा। इसके बाद रेलवे ट्रॉयल रन करेगा।

रेलवे के अफसरों के अनुसार ट्रॉयल के दौरान रैक, ट्रैक, संचालन व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। सब कुछ सामान्य रहा तो यात्री संचालन शुरू किया जाएगा। रेलवे की तैयारी अगले सप्ताह शनिवार से ट्रेन चलाने की है। हेरिटेज ट्रेन आमतौर पर मानसून में पर्यटकों के लिए बड़ा आकर्षण रहती है। 15 अगस्त और लॉन्ग वीकेंड के दौरान बड़ी संख्या में लोग पातालपानी–कालाकुंड जाने का प्लान बनाते हैं, लेकिन इस बार रैक के मेंटेनेंस में ज्यादा समय लगने से ट्रेन समय पर शुरू नहीं हो सकी। पिछले साल हेरिटेज ट्रेन 26 जुलाई से 16 नवंबर, 2025 तक शुक्रवार से रविवार संचालित हुई थी। इस बार अगस्त का आधा महीना बीत जाने के बाद भी यात्री संचालन शुरू नहीं हो पाया है।

**155 साल पुराना है ट्रैक**–इस रेलखंड का इतिहास करीब 155 साल पुराना है। वर्ष 1870 में इंदौर रियासत के महाराजा तुकोजीराव होलकर द्वितीय ने इस रेल लाइन की पहल की थी और 1878 तक होलकर स्टेट रेलवे के तहत इसका निर्माण पूरा हो गया था। बाद में यह राजपुताना–मालवा रेलवे का हिस्सा बना था। समय के साथ आसपास की अधिकांश मीटरगेज लाइनों को ब्रॉडगेज में बदल दिया गया, लेकिन पहाड़ी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पातालपानी–कालाकुंड का यह हिस्सा अपनी मूल पहचान के साथ बचा रहा। रेलवे ने इसे संरक्षित करते हुए 25 दिसंबर, 2018 को पहली हेरिटेज ट्रेन शुरू की थी। अब रैक इंदौर पहुंच चुका है, यानिट्रेन की वापसी की तैयारी अंतिम चरण में है, लेकिन पर्यटकों की नजर अब रेलवे के ट्रॉयल रन और संचालन की तारीख पर टिकी है।

### 9.5 किमी का सफर, लेकिन रोमांच पूरा

पातालपानी–कालाकुंड का करीब 9.5 किलोमीटर लंबा मीटरगेज ट्रैक अपने आप में रेलवे की विरासत है। इस छोटे से सफर में चार सुरंगें, करीब 24 तीखे मोड़, छह बड़े और 35 छोटे पुल आते हैं। एक ओर पहाड़ और घने जंगल हैं तो दूसरी ओर गहरी घाटियां और झरने हैं। बारिश के दौरान इस ट्रैक का नजारा और भी खास हो जाता है। पातालपानी का झरना, पहाड़ियों पर पसरी हरियाली और बादलों से घिरी घाटियां हेरिटेज ट्रेन के सफर को पर्यटकों के लिए यादगार बना देती हैं।

# गूगल पर डॉक्टर का नंबर सर्च करना पड़ा महंगा, 49 हजार ठगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। स्कीम नंबर 114 निवासी 66 वर्षीय रिटायर्ड अधिकारी विनोद शर्मा से साइबर ठगों ने 49 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विनोद शर्मा ने पुलिस को बताया कि 14 जुलाई की सुबह उन्होंने पेट के प्रसिद्ध डॉक्टर अस्मित चौधरी का अपॉइंटमेंट लेने के लिए गूगल पर उनका मोबाइल नंबर सर्च किया था। सर्च के दौरान मिले एक नंबर पर कॉल करने पर एक महिला ने खुद को डॉक्टर की अपॉइंटमेंट बुक करने वाली कर्मचारी बताया।

**खाते से हुए दो ट्रांजेक्शन**–जांच करने पर पता चला कि खाते से दो अलग–अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 49 हजार रुपए निकाले जा चुके थे। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की।

### ऑनलाइन 20 रुपए जमा कराए

महिला ने अपॉइंटमेंट के लिए 20 रुपए ऑनलाइन जमा करने को कहा। भुगतान नहीं होने पर दूसरे नंबर से एक व्यक्ति ने कॉल किया और आधार नंबर मांगते हुए पेमेंट की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही। संदेह होने पर विनोद ने कॉल काट दिया। कुछ देर बाद उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 1 रुपए डेबिट होने का मैसेज आया। यह राशि किसी माहिमारन के खाते में ट्रांसफर हुई थी। उन्होंने बैंक खाता ब्लॉक कराया, लेकिन अगले दिन 1 रुपए वापस खाते में आने पर उन्हें लगा कि खाता ब्लॉक नहीं हुआ है। इसके बाद बैंक पहुंचकर उन्होंने दोबारा खाता ब्लॉक कराया।

# स्कूलों को राहत, मान्यता में जमीन की अनिवार्यता समाप्त

## नई गाइड लाइन : खेल मैदान भी आधा किमी के दायरे में होगा मान्य, कुछ लोग अब नई नाइड लाइन के विरोध में उतरे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश सरकार ने प्राइवेट हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के संचालन के लिए राहत देते हुए की मान्यता संबंधी नियमों में संशोधन किए हैं। अब मान्यता के लिए जमीन की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। खेल मैदान के लिए भी आधा किमी के दायरे में जमीन को मान्य किया गया है।

संशोधन नियमों में फर्जी दस्तावेज या गलत जानकारी देकर मान्यता प्राप्त करने वाले प्राइवेट स्कूलों पर 2 लाख तक का जुमार्ना लगाने व उनकी मान्यता निरस्त करने का प्रावधान भी किया गया है। दरअसल, प्राइवेट स्कूलों की मान्यता लिए शहरी क्षेत्रों में न्यूनतम 75 डेसीमल और ग्रामीण क्षेत्रों में 1 एकड़ भूमि होना अनिवार्य थी। पुराने या छोटे स्कूलों के लिए पुराने मापदंड (जैसे 4000 से 5600 वर्ग फीट) लागू थे। अब इन नियमों में संशोधन कर दिया गया है। नए संशोधित नियमों जमीन की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। नए नियमों में यदि किसी स्कूल में पर्याप्त बुनियादी ढांचा और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध है, तो उसे दो पालियों में संचालित करने की अनुमति होगी। कक्षा 9वीं और 10वीं (हाईस्कूल) के लिए कंपोजिट साइंस लैब तथा कक्षा 11 वीं और 12वीं (हायर सेकेंडरी) के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी की प्रयोगशालाएं अनिवार्य होंगी। इन नए नियमों को लागू करने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी दी गई है। अलग–अलग आवेदन के लिए साल भर खुला रहेगा पोर्टल–नई शर्तों के अनुसार स्कूलों को मान्यता देने के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर पूरे वर्ष आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### छात्रों की सिक्योरिटी डिपॉजिट होगी

संशोधन के नियमों में सिक्योरिटी डिपॉजिट भी करना होगी। सिक्योरिटी डिपॉजिट छात्रों की संख्या के अनुसार जमा होगी। हाईस्कूल में 250 छात्रों तक 25 हजार वहायर सेकेंडरी में 40 हजार जमा करना होगा। 501 से 750 तक हाईस्कूलों में 50 हजार व हायर सेकेंडरी में 75 हजार व 751 से अधिक होने पर 75 हजार व हायर सेकेंडरी में एक लाख राशि होगी।

# तारीख पर तारीख, फिर भी नहीं खुला नेहरू पार्क स्विमिंग पूल

## उद्घाटन नहीं होने पर कांग्रेस नेताओं विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने गेट पर लगाया विरोध का पोस्टर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर के बहुप्रतीक्षित नेहरू पार्क स्विमिंग पूल के उद्घाटन को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लंबे समय से निर्माणाधीन स्विमिंग पूल को लेकर लगातार तारीखें सामने आती रही हैं, लेकिन शहरवासियों को इसका लाभ कब मिलेगा, यह सवाल अब भी बना हुआ है।

स्विमिंग पूल के उद्घाटन नहीं होने के विरोध में कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने नेहरू पार्क स्विमिंग पूल के मुख्य द्वार पर विरोध स्वरूप पोस्टर लगाया। पोस्टर पर लिखा है– 'तारीख पर तारीख, पर मेरा उद्घाटन नहीं...?' इसके साथ ही 'नेहरू पार्क स्विमिंग पूल' का उल्लेख करते हुए जिम्मेदारों से सवाल किया गया है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे इस स्विमिंग पूल को लेकर पहले भी कई बार समय–सीमा और उद्घाटन की तारीखें सामने आईं, लेकिन




निर्धारित समय पर काम पूरा नहीं हो सका। यही कारण है कि अब उद्घाटन की घोषणा के बावजूद यदि नागरिकों को सुविधा उपलब्ध नहीं होती है तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

रिपोर्टों के अनुसार नेहरू पार्क स्विमिंग पूल के पुनर्निर्माण/आधुनिकीकरण पर करीब 4 करोड़ की लागत बताई गई है। परियोजना को पहले अप्रैल 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन काम समय पर पूरा नहीं हुआ। इसके बाद दिसंबर 2025, जनवरी 2026, मार्च 2026 और जून 2026 सहित अलग–अलग समय–सीमाएं सामने आईं।

काम में देरी के दौरान निर्माण संबंधी कई अड़चनें भी सामने आईं। इनमें फिनिशिंग, डाइविंग टावर, टाइल्स तथा अन्य तकनीकी कार्यों से जुड़ी समस्याएं शामिल बताई गईं। बाद में अगस्त 2026 में पूल शुरू करने की तैयारी की जानकारी सामने आई और 16 अगस्त को लोकार्पण का कार्यक्रम प्रस्तावित था।

कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि यदि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी नागरिकों को समय पर सुविधा नहीं मिलती है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? उन्होंने मांग की कि स्विमिंग पूल के निर्माण में हुई देरी, बढ़ी हुई लागत, ठेकेदार को दी गई समय–सीमा और अब तक किए गए भुगतान की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए।

विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी ने कहा कि जनता के पैसे से बने प्रोजेक्ट का बार–बार उद्घाटन टलना केवल प्रशासनिक देरी का विषय नहीं, बल्कि जवाबदेही का सवाल है।

# मध्य प्रदेश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण केस पर फैसला कब

## इसी से आजाद होंगे 13 फीसदी होल्ड पद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्य प्रदेश में साल 2019 से ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने का मामला अटका हुआ है। इसी विवाद के चलते कई भर्तियों पर असर पड़ा। सरकार ने सितंबर 2022 में इसका अस्थायी रास्ता निकालते हुए 13 फीसदी पदों को होल्ड कर दिया था। अब... नीचे पढ़ें पूरी खबर

मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट में अंतिम सुनवाई पूरी हो गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई इस सुनवाई को 5 अगस्त को पूरा किया गया और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

यह सुनवाई लगातार 15 दिन तक चली। इस दौरान करीब 30 घंटे तक ओबीसी पक्ष, अनारक्षित वर्ग, मध्य प्रदेश सरकार और अन्य पक्षकारों ने अपनी दलीलें रखीं। सभी पक्षों ने कोर्ट के सामने अपने–अपने तर्क विस्तार से पेश किए।

### अब नजरें आदेश पर, यह कब होगा

फैसला सुरक्षित हुए अब 9 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में सभी की नजरें हाईकोर्ट के आदेश पर टिकी हुई हैं। क्योंकि इसी आदेश से 13 फीसदी होल्ड चल रहे पदों को भी आजादी मिलेगी। इस मामले का असर सिर्फ भर्ती प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मध्य प्रदेश की राजनीति में भी हलचल बढ़ सकती है। फैसला किसी भी पक्ष में आए, दूसरे पक्ष की नाराजगी सामने आना तय माना जा रहा है। चाहे मामला ओबीसी वर्ग के पक्ष में जाए या सामान्य वर्ग के, दोनों ही तरफ से प्रतिक्रियाएं देखने को मिल सकती हैं।

# लगेंगे 70 नए एंट्री गेट, निगम की होगी कमाई, 10 साल के लिए जारी होगा टेंडर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में अब शहर की यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ–साथ नगर निगम अपनी आय बढ़ाने की तैयारी में है। निगम शहर के 70 नए मार्ग संकेतक (गेंट्री गेट) बनाने जा रहा है। इन संकेतकों पर 10 वर्षों तक विज्ञापन अधिकार निजी एजेंसियों को दिए जाएंगे, जिससे निगम को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा।

इस परियोजना को लेकर टेंडर जारी करने का प्रस्ताव मेयर–इन–काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में रखा जाएगा। 17 अगस्त को होने वाली बैठक में प्रस्ताव पर चर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम ने शहर में आने वाले बाहरी राज्यों और जिलों के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह योजना तैयार की है। वर्तमान में शहर के कई मार्ग संकेतक राजनीतिक बैनर और पोस्टरों से ढक जाते हैं, जिससे दिशा संबंधी जानकारी स्पष्ट दिखाई नहीं देती। ऐसी स्थिति में बाहरी लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए स्थानीय लोगों से रास्ता पूछना पड़ता है। नए गेंट्री गेट इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से लगाए जाएंगे। नगर निगम की योजना के अनुसार नए मार्ग संकेतकों पर विज्ञापन प्रदर्शित करने का अधिकार 10 वर्षों के लिए ठेके पर दिया जाएगा।



### बैनर-पोस्टरों से बिगड़ती है व्यवस्था

निगम समय–समय पर मार्ग संकेतकों से अवैध बैनर और पोस्टर हटाने की कार्रवाई करता है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वही स्थिति बन जाती है। राजनीतिक कार्यक्रमों, जन्मदिन और अन्य आयोजनों के बड़े–बड़े पोस्टर संकेतकों को पूरी तरह ढक देते हैं। इसी समस्या को देखते हुए निगम अब नए और अधिक व्यवस्थित मार्ग संकेतक तैयार करने की योजना पर काम कर रहा है, जिनमें दिशा संकेत और विज्ञापन के लिए अलग–अलग स्थान निर्धारित किए जाएंगे।

# बीजेपी नेता कॉलोनी विवाद : ऐसे खुली 1500 करोड़ की जमीन की कुंडली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में बीजेपी नेता नीलेश चौधरी की स्वास्तिक ग्रैंड कॉलोनी के सीलिंग के दायरे में आने के बाद विकास मंजूरी निरस्त हो गई। वहीं यह केवल 200 करोड़ की जमीन का मामला नहीं है। जब इसकी जांच हुई तो पूरी कुंडली खुल गई और मामला 1500 करोड़ की जमीन तक पहुंच गया।

बता दें कि चौधरी और उनके परिवार की सोनगीर गांव के हातोद तहसील की यह जमीन है। इन्हें जनवरी 2025 में विकास मंजूरी मिली थी। वहीं जब लुमिनियस इन्फ्रा ने आवेदन किया तो मई–जून में उनकी मंजूरी रोक दी गई।

वजह थी कि इनकी जमीन के सर्वे नंबर सीलिंग प्रभावित आ रहे थे। जब पूछा गया तो बताया कि दिसंबर 2010 में (प्रकरण क्रमांक 0009 बी/बी–121/2010–11) एसडीएम हातोद के आदेश से यह जमीन निजी हो चुकी है।

यही आदेश स्वास्तिक ग्रैंड में भी बताया है। एक ही आदेश से कई जमीनें सीलिंग से मुक्त होकर निजी हुई हैं। इसके बाद कॉलोनी सेल ने जांच की तो पाया कि यह आदेश कहीं मौजूद नहीं है।

इसके बाद स्वास्तिक ग्रैंड की विकास मंजूरी निरस्त कर दी गई। साथ ही लुमिनियस प्रोजेक्ट को भी मना कर दिया गया।

### बीजेपी नेता नीलेश चौधरी

इंदौर जिला प्रशासन की कॉलोनी सेल ने जुलाई में बीजेपी नेता नीलेश चौधरी की स्वास्तिक ग्रैंड कॉलोनी की विकास मंजूरी निरस्त कर दी थी। वजह थी इस कॉलोनी के सर्वे नंबर में से चार हेक्टेयर जमीन का सीलिंग प्रभावित होना। यह मामला एक अन्य कॉलोनी लुमिनियस इन्फ्राप्रोजेक्ट्स (मेहुल पिता नवीन मेहता) के आवेदन पर खुला। वहीं इसके बाद जब आगे जांच हुई तो मामला और उलझ गया।

# 237 करोड़ की लागत के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ना स्टाफ ना उपकरण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश के सबसे बड़े सरकारी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल इंदौर का हाल बेहाल है। हाल ही में हुई समीक्षा बैठक में इस अस्पताल की हालत खुलकर सामने आ गई। ना स्टाफ है और ना ही उपकरण।

इंदौर मेडिकल कॉलेज के अधीन आने वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के हाल खराब हैं। यह 237 करोड़ की लागत से बना है। इसमें भव्य भवन बनाने में ही 140 करोड़ लगे हैं। बाकी अन्य संसाधन जुटाने में लगे हैं। यहां हाईटेक ओटी भी है। स्टाफ को लेकर मेडिकल कॉलेज डीन ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बताया कि यहां राजपत्रित (शैक्षणिक कैटेगरी में) के 149 पद मंजूर हैं। वहीं, मौजूदा स्थिति में केवल 46 पद भरे हुए हैं और 103 पद रिक्त हैं। यानी 70 फीसदी पद खाली हैं। वहीं अराजपत्रित (तृतीय श्रेणी) में कुल 481 पद मंजूर हैं। इसमें से 234 पद भरे हुए हैं और 247 पद रिक्त हैं। यहां भी 52 फीसदी पद खाली हैं।



**उपकरण के हाल देखो**–वहीं चौंकाने वाली जानकारी देते हुए डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने मीटिंग में बताया कि यहां पर रोबोटिक सर्जरी की जरूरत है। इस हाईटेक सर्जरी के लिए यहां ओटी (ऑपरेशन थियेटर) मौजूद है, लेकिन रोबोटिक इन्स्ट्रूमेंट ही नहीं हैं।

# इंदौर कांग्रेस में 10 साल बाद फेरबदल, 15 ब्लॉक और 8 नगराध्यक्ष नियुक्त, वानखेड़े की चली

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर जिला कांग्रेस में 10 साल बाद बड़ा संगठनात्मक बदलाव हुआ है। इंदौर ग्रामीण में 17 में से 15 ब्लॉक अध्यक्षों और 8 नगराध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। इन नियुक्तियों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का प्रभाव साफ नजर आया है।

इंदौर जिला कांग्रेस में लंबे समय बाद बदलाव हुआ है। नए सिरे से इंदौर कांग्रेस संगठन को खड़ा करने के लिए अब इंदौर ग्रामीण में ब्लॉक अध्यक्ष और नगराध्यक्ष की नए सिरे से नियुक्ति हुई है। इसमें अधिकांश नए चेहरों को मौका दिया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का इन नियुक्तियों में पूरी तरह से



असर और दबदबा दिखा है। सभी नियुक्तियां उन्हीं की अनुशंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने की हैं।

वहीं आठ नगराध्यक्षों पर भी नियुक्ति हुई है। सांवेर में रफीक कालू, मांगलिया में ध्रुव अवस्थी, गौतमपुरा में देवकरण गुर्जर, हातोद में यशवंत राठौर, बेटमा में वीरेंद्र सिंह चौहान, देपालपुर में मजीत खान, मानपुर में महेश परमार और महूगांव में विवेक सकोरिया को नियुक्त किया गया है।

वहीं इन नियुक्ति को लेकर महू विधानसभा में असंतोष भी सामने आया है। महू नगर अध्यक्ष पद पर अमित अग्रवाल की नियुक्ति पर नाराजगी है। इसके चलते कई कार्यकर्ताओं ने अपने इस्तीफे की पेशकश कर दी है। इसमें अलग–अलग वार्ड के कार्यकर्ता है। वहीं जिलाध्यक्ष ग्रामीण वानखेड़े सभी की बात सुनकर उन्हें मना रहे हैं और नियुक्ति की वजह बता रहे हैं।

### ब्लॉक अध्यक्ष में इन्हें मौका

देपालपुर के देपालपुर ब्लॉक में राजेश बड़वाया, गौतमपुरा में मोहन चौधरी, हातोद में सुरेश सिलोचिया, बड़ा बांगड़दा में कमल डाबी नियुक्त किए गए हैं। वहीं यहां बेटमा को होल्ड रखा गया है। डॉ. अंबेडकर नगर महू के मानपुर ब्लॉक में रामप्रसाद बारोड़, महू में अमित अग्रवाल, गवली पलासिया में जुगनू धनावद, सिमरोल में राजेश पाटीदार, बड़गोंदा में नारायण सिंह पटेल और पिगडंबर में दौलत पटेल को नियुक्त किया गया है। सांवेर के सांवेर ब्लॉक में विक्रम चौधरी, खुड़ैल में अर्जुन पटेल, पालिया में राजेश चौहान, कछालिया में पवन पटवारी, मांगलिया में महेश पटेल को नियुक्त किया गया है। वहीं शिप्रा को होल्ड रखा गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।